संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 287 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com

उत्तराखण्ड संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# उत्साह और उमंग की परंपरा हैं भारत के पर्व-त्योहार : योगी

**टीम एक्शन इंडिया/बागपत**

**भारत के** पर्व और त्योहार उत्साह और उमंग की परंपरा के वाहक हैं, इसमें शोक और दुःख के लिए कोई जगह नहीं है। हमने सदैव सकारात्मक सोच के साथ भारत की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। ये पर्व और त्योहार भारत की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं। अच्छा सोचो, अच्छा करो तो परिणाम अच्छा ही आएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बागपत के नांगल गांव स्थित श्री गुरू गोरक्षनाथ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के शुभारंभ के अवसर पर कही। इससे पहले उन्होंने आश्रम में स्थित गुरु गोरखनाथ के मंदिर और नवदुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन किया। साथ ही परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। इसके अलावा उन्होंने भव्य सत्संग भवन का भी लोकार्पण किया।

**ज्ञान यज्ञ है श्रीमद्भागवत महापुराणः** अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत की धरती का महत्व महाभारत कालीन है। श्रीकृष्ण ने जिन पांच ग्रामों को दुर्योधन से मांगा था, उसमें बागपत की धरती भी शामिल है। सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में प्रदेश में विजयदशमी का पर्व संपन्न हुआ है। ये सत्य, धर्म और न्याय की विजय का पर्व है। मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ पर कहा कि ये महापुराण असल में




'ज्ञान यज्ञ' है। ये मोक्ष और मुक्ति से जुड़ा हुआ है। हम सब मुक्ति के लिए विभिन्न धाम और तीर्थों में जाकर कामना करते हैं। हम दान और यज्ञ भी मुक्ति की कामना से करते हैं।

**भारतीय संस्कृति**

- मुख्यमंत्री ने बागपत में गोरक्षनाथ आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का किया शुभारंभ, ज्ञान यज्ञ है श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा

मुक्ति या मोक्ष का अर्थ है, जिस संकल्प के साथ हम बढ़े हैं उसमें पारंगत हो जाएं। अलग अलग व्यक्ति के लिए मुक्ति का अर्थ अलग अलग हो सकता है। संन्यासी के लिए ये जन्म मरण के बंधन से छूटना है तो गृहस्थ के लिए उसके सत्कर्मों का सुफल मिलना है। इस महापुराण में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य तीनों मिलता है।

**एक योगी जंगल में भी मंगल कर सकता है:** मुख्यमंत्री ने आश्रम के महंत योगी अर्जुननाथ जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने यहां देश के विभिन्न हिस्सों से संतों, योगेश्वरों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। कथा को लेकर लोगों में उत्साह सराहनीय है। एक योगी जंगल में भी मंगल कर सकता है। महंत योगी अर्जुननाथ ने यहां बड़े सभागार और सरोवर का निर्माण कराया है। अब इनके संरक्षण के लिए स्थानीय जनमानस को आगे आना होगा।

# आगे बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्थाः मोदी

= 'हम सच्ची नीयत से किसानों के सशक्तीकरण में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोगों ने महाराष्ट्र में किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की'

**विकास कार्य**

- साईं बाबा के आशीर्वाद से साढ़े 07 हजार करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/शिरडी**

**प्रधानमंत्री** ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साईं बाबा के आशीर्वाद से साढ़े 07 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और



लोकार्पण हुआ है। महाराष्ट्र को पांच दशक से जिस निलवंडे डैम का इंतजार था, वो काम भी पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सच्ची नीयत से किसानों के सशक्तीकरण में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोगों ने महाराष्ट्र में किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की है। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता काफी समय तक केंद्र सरकार में कृषि मंत्री रहे हैं, लेकिन उन्होंने 07 साल के अपने कार्यकाल में देशभर के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सिर्फ साढ़े 03 लाख करोड़ रुपये का अनाज खरीदा। जबकि हमारी सरकार 07 वर्षों में एमएसपी के रूप में साढ़े 13 लाख करोड़ रुपये किसानों को दे चुकी है। मोदी ने कहा कि पहले किसानों की सुध कोई नहीं लेता था। हमने पीएम किसान सम्मान निधि शुरू की, जिसकी मदद से देशभर के करोड़ों छोटे किसानों को 02 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। महाराष्ट्र के छोटे किसानों के बैंक खातों में भी सीधे 26 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए हैं।

**निलवंडे बांध का इंतजार खत्म हुआः पीएम मोदी**

**पीएम** मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पांच दशक से इस निलवंडे बांध का इंतजार था और आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि शिरडी मंदिर में दर्शन कतार परिसर का उद्घाटन से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिरडी मंदिर में आज जिन भी योजनाओं का लोकार्पण या फिर शिलान्यास हुआ है इससे दर्शन कतार परिसर के पूरा होने से देश-विदेश के श्रद्धालुओं को बहुत आसानी होगी।

**'गरीबी से मुक्ति दिलाना असली सामाजिक न्याय'**

**पीएम** मोदी ने अपने संबोधिन में कहा कि देश को गरीबी से मुक्ति, गरीब परिवारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना ही असली सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है। हमारी डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है गरीब कल्याण के लिए सरकार का भी बजट बढ़ रहा है।

# 'अंतरिक्ष से लेकर खेलों तक हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा भारत'



**उपलब्धि**

- "अंतरिक्ष से लेकर खेल तक भारत का झंडा होगा, इसलिए ओलंपिक भी तब तक हमारे लिए आसान हो जाएगा"

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, मडगांव, गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज अंतरिक्ष से लेकर खेलों तक हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। 2036 तक भारत एक दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति बन जाएगा और उस समय भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पिछली सरकारें खेलों के प्रति पूरी तरह से उदासीन थी, इसलिए पिछले 70 सालों में जो नहीं हुआ वह इन एशियाई खेलों में हुआ जिसमें भारत ने सबसे अधिक पदक जीते हैं। उन्होंने कहा, "2036 तक भारत प्रमुख आर्थिक शक्तियों में से एक होगा और देश में एक बहुत बड़ा मध्यम वर्ग होगा। अंतरिक्ष से लेकर खेल तक भारत का झंडा होगा, इसलिए ओलंपिक भी तब तक हमारे लिए आसान हो जाएगा।"

**भारत हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहाः मोदी**

**प्रधानमंत्री** ने खेलों में मिली सफलता को देश की सफलता से जोड़ा और कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसका अंदाजा पिछले 30 दिनों की उपलब्धियां से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 30 दिनों में नारी शक्ति अधिनियम अधिनियम पारित किया गया।

गगनयान से जुड़ा एक परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। भारत को अपनी पहली क्षेत्रीय रैपिड रेल, नमो भारत मिली। बेंगलुरु मेट्रो का विस्तार किया गया।

**फास्ट न्यूज**

## सरकार ने एयरलाइंस और ट्रैवल पोर्टल अधिकारियों की आठ नवंबर को बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 8 नवंबर को सभी एयरलाइंस और ट्रैवल पोर्टल के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है। यह बैठक हवाई यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के बीच बुलाई गई है। इस बैठक में उपभोक्ता शिकायतों पर चर्चा की जाएगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि हवाई यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के बीच आठ नवंबर को सभी एयरलाइंस और ट्रैवल पोर्टल के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई है। इन उपभोक्ताओं की शिकायत ह्यटिकट रद्द करने के बाद रिफंड न मिलने और मुफ्त वेब चेक-इन के बावजूद हर सीट को भुगतान के रूप में दिखाये जाने और अन्य मामलों से संबंधित हैं। सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से एयरलाइन क्षेत्र से संबंधित करीब 10,000 शिकायतें मिली हैं। इनमें आधी शिकायतें ह्यटिकट रद्द हो जाने के बावजूद एयरलाइंस से रिफंड नहीं मिलनेह्ल से संबंधित हैं। सचिव ने कहा कि हवाई यात्रा में विस्तार हुआ है। इस तरह के कारोबारी तौर-तरीकों से कई लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इन उपभोक्ता शिकायतों पर चर्चा करने के लिए आठ नवंबर को बैठक बुलाई है।

## बासमती चावल निर्यात का न्यूनतम मूल्य घटाकर 950 डॉलर प्रति टन किया

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने बासमती चावल निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन से घटाकर 950 डॉलर प्रति टन कर दिया है। सरकार ने यह कदम बासमती चावल की ज्यादा कीमत के कारण इसका निर्यात प्रभावित होने की चिंताओं के बीच उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा को भेजे एक पत्र में यह जानकारी दी है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि बासमती चावल के निर्यात के लिए अनुबंध पंजीकरण के लिए मूल्य सीमा को 1,200 डॉलर प्रति टन से संशोधित कर 950 डॉलर प्रति टन

# गिनी की खाड़ी में यूरोपीय संघ-भारत ने नौसेना अभ्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** और यूरोपीय संघ के जहाजों ने नौसैनिक समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए गिनी की खाड़ी में संयुक्त गतिविधियां कीं। यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत ने गिनी की खाड़ी में अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ-भारत समुद्री सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक के बाद हुए इस नौसैनिक अभ्यास को काफी अहम माना



जा रहा है। ब्रुसेल्स में 05 अक्टूबर को यूरोपीय संघ-भारत समुद्री सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक हुई थी। इसके बाद 24 अक्टूबर को गिनी की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए कई संयुक्त गतिविधियां की गईं। इस दौरान भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती जहाज आईएनएस सुमेधा यूरोपीय संघ के तीन सदस्य देशों के जहाजों के साथ शामिल हो गया।

# कतर में 8 भारतीयों को मौत की सजा

**फांसी की सजा**

- विदेश मंत्रालय ने कहा- मुद्दे को गंभीरता से ले रही सरकार
- सारे कानूनी विकल्पों पर हो रहा विचार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खाड़ी** क्षेत्र के देश कतर के एक स्थानीय कोर्ट ने अगस्त, 2022 में गिरफ्तार भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को फांसी की सजा सुनाई है। भारत ने इस फैसले को स्तब्धकारी बताते हुए कहा है कि सरकार सारे कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। भारतीय विदेश



मंत्रालय इस बारे में उक्त आठों लोगों के स्वजन के संपर्क में है। सरकार शुरू से ही इस मुद्दे को काफी गंभीरता से ले रही है और उन्हें राजनयिक तौर पर जो भी मदद संभव है, उसे देने की कोशिश जारी है। भारत और कतर के रिश्ते काफी मजबूत रहे हैं और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच कारोबार एवं रणनीतिक रिश्तों को विस्तार देने की भी कोशिश जारी थी। कतर के समाचार पत्रों की रिपोर्ट के मुताबिक, आठों भारतीयों पर जासूसी के आरोप लगाए गए हैं। भारतीय नौसेना के ये पूर्व अधिकारी अभी कतर सेना से जुड़ी कंपनी अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीस में काम कर रहे थे।

# परमाणु तकनीक के क्षेत्र में भारत का योगदान सराहनीय

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई।**

**अंतरराष्ट्रीय** परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने कहा है कि परमाणु तकनीक के क्षेत्र में भारत का योगदान सराहनीय है। वह गुरुवार (26 अक्टूबर) को नवी मुंबई के खारघर स्थित एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर (एक्ट्रेक) को देखने पहुंचे थे।

परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव डा. अजीत कुमार मोहंती उनके साथ थे। इस अवसर पर आईएईए के महानिदेशक राफेल




मारियानो ग्रोसी ने भारत में कैंसर की देखभाल में डीएई एवं टाटा मेमोरियल सेंटर के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें टाटा मेमोरियल सेंटर के एक्ट्रेक में भारत की पहली सार्वजनिक क्षेत्र की प्रोटान थेरेपी इकाई की सफल शुरूआत के बारे में जानकर विशेष प्रसन्नता हुई है। 500 रोगियों को बहुत सस्ती लागत या बिना किसी लागत के उन्नत किस्म का विकिरण उपचार प्रदान करेगी।

# देश में गंदा चुनावी खेल खेला जा रहा हैः ममता

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। विपक्षी दलों के नेताओं पर ईडी की छापेमारी को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर अपनी भड़ास निकाली है। ममता ने कहा कि देश में गंदा चुनावी खेल खेला जा रहा है। गौरतलब है कि ईडी ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को समन भेजा है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की संपत्तियों पर छापेमारी भी की है।

# बॉर्डर पर हाई अलर्टः पोस्ट पर हो रही फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर के** अरनिया सेक्टर की सभी छह बॉर्डर आउटपोस्ट पर दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। आतंकी घुसपैठ की आशंका के चलते सीमा सुरक्षा बल पाकिस्तानी रेंजर्स को करारा जवाब दे रही है। सीमा सुरक्षा बल की तरफ से हाई मास्ट लाइट चढ़ाई जा रही है। पूरे बॉर्डर पर हाई अलर्ट कर दिया गया है। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ का एक जवान गोलीबारी में जख्मी हो गया है। बताया जा रहा है कि जवान के पैर में गोली लगी है। सीमा सुरक्षा बल की तरफ से



रिहायशी क्षेत्र को बिजली बंद करने का आदेश दिया गया और लोगों को घरों के अंदर रहने के लिए कहा गया है। बॉर्डर के साथ गांव में भी गोलियां बरसना शुरू हो गई हैं और बॉर्डर आउटपोस्ट पर बड़े फायर की घटना सामने आ रही है। इससे पहले आज ही उत्तरी कश्मीर के कुपावड़ा जिले में सुरक्षाबल एक बड़े आतंकी घुसपैठ को नाकाम करने में कामयाब रही। सुरक्षाबलों ने पांच आतंकियों को मार गिराया गया।

**करारा जवाब**

- आतंकी घुसपैठ की आशंका के चलते सीमा सुरक्षा बल पाकिस्तानी रेंजर्स को करारा जवाब दे रही है।

# 'पटना लोकसभा सीट छोड़कर और कहीं नहीं जीत रही बीजेपी'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चुनावों में भाजपा को पटना के अलावा और किसी सीट पर जीत नहीं मिलेगी। लालू ने इसके लिए संघ के नेता का हवाला भी दिया।

राजद प्रमुख लालू यादव गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात कही।

**लालू का दावा**

- पूरे देश में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद जाति आधारित गणना होगी

उन्होंने कहा कि पूरे देश में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद जाति आधारित गणना होगी। इसके बाद जनसंख्या के आधार पर देश की सत्ता का बंटवारा होगा।

**तोहफा** हिंदी आंदोलन सत्याग्रहियों व आपातकालीन पीड़ितों को 15 हजार मासिक पेंशन

# हरियाणाः निगम, परिषद व समितियों के मेयर, अध्यक्ष, सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दीपावली से पहले ही गुरुवार को बड़ा तोहफा देते हुए नगर निगम, नगर परिषद व समितियों के मेयर और अध्यक्ष सहित सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की। बढ़ा हुआ मानदेय एक अक्टूबर से मिलेगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में हिंदी आंदोलन सत्याग्रहियों व आपातकालीन पीड़ितों की पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों को भी दीपावली का तोहफा देते हुए डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगमों के मेयर,



सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, काउंसलर्स, नगर परिषद के अध्यक्षों सहित सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें मानदेय बढ़ाने पर विचार किया गया। पहले मेयर को 20 हजार 500 रुपये मासिक मानदेय मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया गया है। इसी प्रकार, सीनियर डिप्टी मेयर का मानदेय 16 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये, डिप्टी मेयर का मानदेय 13,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये तथा पाषर्दों का मानदेय 10,500 से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अध्यक्ष का मानदेय 10,500 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये, पार्षदों का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये किया गया है। नगर समितियों के अध्यक्ष का मानदेय 6,500 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 4,500 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये तथा पार्षदों का मानदेय भी 4,500 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जिला परिषद के अध्यक्षों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और सदस्यों का मानदेय 3,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये किया गया है।

**सौगात**

- सरकारी कर्मचारियों को भी दीपावली का तोहफा देते हुए डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की

# उप राष्ट्रपति के भ्रमण के लिए पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग कर दी गई जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा में नियुक्त किये गये समस्त पुलिस कर्मियों को गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून और अन्य उच्चाधिकारियों ने पुलिस लाइन देहरादून में ब्रीफिंग दी। ब्रीफिंग के दौरान कार्यक्रम के लिए किए गए सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा करते हुए वर्तमान सुरक्षा परिदृश्यों के दृष्टिगत सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को निर्देशित किया गया। इस दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा उपस्थित पुलिस बल को ब्रीफ किया कि ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय



से 03 घंटे पूर्व अपने ड्यूटीस्थल पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी के सम्बन्ध में अपने प्रभारी अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें। ड्यूटी स्थल व उसके आस-पास के स्थानों को भली-भांति चेक कर लिया जाये। कार्यक्रम स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों और उनके वाहनों को ही जाने की अनुमति दी जाए। इसके अतिरिक्त ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान अपने साथ लाठी डंडा अवश्य रखें। साथ ही ड्यूटी में निर्धारित वर्दी धारण करें, ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न किया जाए और न ही बिना बताये अपने ड्यूटी प्वांइट को छोड़ा जाये। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित पुलिस कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी नोडल पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सादे और वर्दी में लगने वाले समस्त पुलिस बल की पहचान कर उनके ड्यूटी कार्ड चेक करते हुए उन्हें ड्यूटी के सम्बन्ध में भली भांति ब्रीफ कर दें। इस बात को सुनिश्चित कर लें कि ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर किसी एक स्थान पर एकत्रित न हों। साथ ही वीआईपी रुट प्रभारी को निर्देशित किया कि वीआईपी कार्यक्रम से पूर्व ही सम्पूर्ण रुट व्यवस्था का भली प्रकार निरीक्षण कर मार्ग में हो रहे निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था से संपर्क कर निर्देशित करें।

**अनुमति**

**8 उन्होंने कहा कि यहां से जो चीज निकल कर आएगी, उसे प्रदेश में लागू किया जाएगा**

# गुरुकुल की बास्केटबॉल टीम का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार** गुरुग्राम विश्वविद्यालय, नोयडा में 03 नवम्बर से आयोजित होने वाली उत्तर-क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय (पुरुष-वर्ग) बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम का चयन दयानंद स्टेडियम परिसर में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के तत्वावधान में हुई। योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय के पूर्व डीन प्रो. आरकेएस डागर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक व्यक्ति अपने बल परिश्रम एवं तप से एक खिलाड़ी बनता है जबकि अनुशासन, खेल भावना, त्याग एवं समर्पण उसे एक बेहतर खिलाड़ी बनाते हैं। चयन समिति



के चेयरमैन डॉ. नितिन काम्बोज ने खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन से टीम में स्थान बनाने की बात कही। क्रीड़ा सचिव डॉ. अजय मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया।
चयन प्रक्रिया के संयोजक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के अलंग अलग पाठयक्रमों के 45 छात्रों ने भाग लिया। इसमें सूरज कुमार, रजत सिंह पुंडीर, पुलकित शर्मा, रितिक शर्मा, अक्षत कपरवान, कार्तिक चौधरी, अकक्षित त्यागी, अर्जुन शाह, आदित्य गौतम, रक्षित चौहान, मंजीत सिंह, शिवम कश्यप सहित 12 खिलाडियों का चयन किया गया।

## मंडी अध्यक्ष ने टैक्स चोरी कर जा रहे ट्रक को पकड़ा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू पूरी तरह से एक्शन के मूड में आ गए हैं और वह मंडी की आय को बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। आज तड़के सुबह उन्होंने मंडी के अंदर एक ट्रक को पकड़ा है जो बिना आरसी कटाये मंडी के अंदर जा रहा था। इस टैक्स चोरी के ट्रक को उन्होंने पकड़ा है और गाड़ी पर जुमार्ना लगाया। मंडी परिषद अध्यक्ष डब्बू ने कहा कि टैक्स चोरी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी की टैक्स चोरी किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने सभी मंडी सचिवों और मंडी परिषद के एमडी को निर्देश दिए हैं।

# कनकुन में थोक बाजार विश्व संघ सम्मेलन में आधुनिकीकरण पर किए विचार साझा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून** **प्रदेश के कृषि** मंत्री और भारत के राज्यों के कृषि विपणन बोर्ड के राष्ट्रीय संघ (कौसाम्ब) के अध्यक्ष गणेश जोशी ने मैक्सिको के कनकुन में थोक बाजार के वैश्विक संघ के तीन दिवसीय थोक बाजारों के विश्व संघ सम्मेलन 2023 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से भी भेंट की। थोक बाजार के विश्व संघ के आयोजित कार्यक्रम में खाद्य बाजार का भविष्य उपभोक्ताओं की अपेक्षानुरूप, थोक एवं फुटकर बाजार का आधुनिकरणः वर्ष 2030 तक, विषय पर कनकुन, मैक्सिकों में 25 से 28 अक्टूबर



तक आयोजित सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों के 300 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मंत्री जोशी ने विश्व के प्रतिनिधियों से कृषि विपणन के आधुनिकीकरण के सम्बन्ध में विचार साझा किए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बाद वैश्विक स्तर पर लोगों का विश्वास भारत पर बढ़ा है। कृषि विपणन से सम्बन्धित 165 देश के प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्यक्रम में आए हैं और सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया है। इस सम्मेलन से जो मंथन निकलकर आएगा, वह निश्चित ही वैश्विक स्तर पर एक मील का पत्थर साबित होगा। कृषि मंत्री ने प्रदेश सरकार के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी प्रदेश में कृषि एवं औद्यानिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखंड आने का न्योता दिया। जर्मनी, अर्जेंटीना, मैक्सिको और यूएस के लोगों ने उत्तराखंड में निवेश करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रदेश में धामी सरकार इन्वेस्टरों को निवेश के लिए एक अच्छा वातावरण दे रही है, उससे दिसंबर माह में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी यह एक सफल पहल होगी। सम्मेलन में कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि आज आधुनिकीकरण का जमाना है, डिजिटल का युग है। आज हमारे देश एवं प्रदेश में लगभग सभी मंडियां ई-नाम से जुड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि यहां से जो चीज निकल कर आएगी, उसे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

**जानकारी**

**8 लगभग सभी मंडियां ई-नाम से जुड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि यहां से जो चीज निकल कर आएगी**

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री रामेश्वर तेली ने किये भगवान बदरी-केदार के दर्शन

**गोपेश्वर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं श्रम मंत्री रामेश्वर तेली ने गुरुवार को बदरीनाथ और केदारनाथ भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री पहले हेलीकाप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। भगवान केदारनाथ के दर्शन कर पूजना किया। मंदिर समिति कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। केदारनाथ के दर्शन के बाद केंद्रीय मंत्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया और भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, नोडल अधिकारी विवेक थपलियाल, प्रभारी मंदिर अधिकारी राजेंद्र सेमवाल, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, अजय सती, अनसुया नौटियाल, अजीत भंडारी, योगेन्द्र नेगी, हरीश जोशी आदि मौजूद रहे।



### जानलेवा हमले के आरोपित को 4 साल की कैद

**हरिद्वार।** जानलेवा हमला करने के मामले में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरुद्ध भट्ट ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए चार साल की कठोर कैद एवं बीस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता कुशलपाल सिंह चौहान ने बताया कि वादी राकेश कुमार वर्मा ने 2 मई 2015 को थाना जीआरपी लक्सर पर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि वह 1 मई 2015 को लक्सर बाजार से लक्सर स्टेशन स्थित रेलवे पुल से होते हुए मोहल्ला सिमली, लक्सर स्थित अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते में करीब 8.45 बजे रात में आरोपित संजीव कुमार नामदेव पुत्र राजकुमार ने बालमुकुंद आदि के साथ मिलकर उसके ऊपर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार तबल से वार किए। इससे उसके सिर व हाथ आदि स्थानों पर चोटें आई थीं। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित संजीव नामदेव उर्फ काका के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। वादी पक्ष की ओर से आठ गवाहों के बयान कराएं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपित संजीव कुमार नामदेव को दोषी पाया है।

### चम्पावत : एक माह के भीतर सभी प्रतिष्ठानों और मेसों का खाद्य लाइसेंस बनाने के निर्देश

**चम्पावत:** सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार पर गठित जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने जिला अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों जहां मध्याह्न भोजन बनता है, जिले में स्थित विभिन्न संस्थानों, आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस की मैसों, समस्त सस्ता गल्ला दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों, ठेलों, सहित इस प्रकार के प्रतिष्ठानों आदि में जहा जहां-भोजन बनता है व खाद्य सामग्री की बिक्री होती है, इन सभी का एक माह के भीतर वृहद जागरूकता अभियान चलाकर खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पंजीकृत कराएं और उनके खाद्य लाइसेंस बनाए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद की समस्त सस्ता गल्ला दुकानों का पंजीकरण 15 दिन के भीतर करें। उन्होंने इसे और प्रभावी बनाने के लिए राजस्व एवं पुलिस को भी चालान व निरीक्षण हेतु अधिकृत करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर स्लाटर हाउस का निर्माण किए जाने हेतु भी शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न त्योहारों, उत्सवों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों में विशेष छापामारी अभियान चलाएं और चालान की कार्यवाही करें, ताकि लोगों के स्वास्थ्य को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी केके अग्रवाल, सीओ विवेक कुटियाल, जिला अभिहित अधिकारी अनिल मिश्रा, महाप्रबंधक उद्योग दीपक मुरारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, समिति के सदस्य आरके जोशी आदि उपस्थित रहे।

### विशेष मानसिक दिव्यांग शिविर में 65 लाभार्थियों के बने दिव्यांग प्रमाण पत्र

**गोपेश्वर।** चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला अस्पताल गोपेश्वर में आयोजित विशेष मानसिक हेल्थ दिव्यांग शिविर में 118 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 65 लाभार्थियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गए। स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित इस मानसिक दिव्यांग शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से परिजन अपने दिव्यांग जनों को लेकर गोपेश्वर पहुंचे थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग जनों को उपकरण भी वितरित किये गये है। ये उपकरण सीएमओ डा. राजीव शर्मा और समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल ने वितरित किये। जिला व्यवहार संचार समन्वयक उदय सिंह रावत ने शिविर में मौजूद लोगों को स्वास्थ विभाग की ओर से दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### हरिद्वार सुपर किंग्स ने 7 विकेट से जीता मैच

**हरिद्वार,** । किशोरी लाल क्रिकेट एकेडमी के आयोजित 40 ओवर के तीसरे किशोरी लाल तांगड़ी मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के आज छठे दिन आरएआर पाल क्रिकेट एकेडमी देहरादून व हरिद्वार सुपर किंग्स के बीच मैच खेला गया। आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी देहरादून ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पूरी टीम 30.3 ओवर में 92 रन बना कर आज आउट हो गए। टीम की तरफ से नमन शर्मा ने 18 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। हरिद्वार सुपर किंग्स की तरफ से जागृति ने 3, विशाल सैनी, विदिआन्श कुमार और शिखर पालीवाल ने 1-1 विकेट लिये। छोटे और आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए हरिद्वार सुपर किंग्स ने 13.3 ओर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। हरिद्वार सुपर किंग्स ने यह मैच 7 विकेट से जीत लिया।

# नकली आयुर्वेदिक दवाई बनाते थे, पकड़े गए दो भाई



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** एसटीएफ ने नकली हर्बल दवाइयां बनाने की फैक्टरी का पदार्फाश करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली दवाइयों का जखीरा बरामद किया। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया गया कि एसटीएफ को सितारगंज में अवैध दवाई फैक्टरी संचालित होने की सूचना मिली थी। इस पर कुमायूं टीम को निर्देशित किया गया था। बीती शाम सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे की टीम ने सितारगंज के थारु गौरीखेड़ा क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को साथ लेकर एक घर में छापेमारी की तो टीम को वहां पर हर्बल दवाओं के नाम पर भारी मात्रा में चूर्ण, कैप्सूल, पाउडर मिला। हालांकि दवाओं में किसी ब्रांड के रैपर, टैग नही लगे थे। इन दवाओं की ताकत बढ़ाने और बीमारियों के इलाज के लिए ऑनलाइन बिक्री की जा रही थी। एसएसपी एसटीएफ अग्रवाल के मुताबिक, टीम को मुर्गा लिखे हुए चूर्ण के कट्टे मिले हैं। इसी चूर्ण को प्लास्टिक के कैप्सूलों में भरा गया है। सम्बन्धित विभाग ने इन दवाओं के सैंपल लिये हैं। हर्बल दवा के नाम पर ऑनलाइन दवा बेचने वाले दो लोगों ने इस मकान को किराये पर लिया गया था। चार माह से बिना लाइसेंस दोनों इस मकान में दवाओं को बनाकर ऑनलाइन व्यापार कर रहे थे। इनके द्वारा विभिन्न बीमारियों के इलाज में पार्सल से दवा भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी7 एक डिब्बे के 1575 रुपये वसूले जाते थे। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की बीमारियों में एक ही प्रकार की दवा भेजी जाती थी। इन दवाओं के सम्बन्ध में फोरेसिंक जांच से ही वास्तविकता सामने आ पायेगी। फिलहाल बरामद दवाइयों और मकान को सीलबन्द कर दिया गया है। पकडे. गये दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम सलमान पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम उदयपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश, फैजान पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम उदयपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत बताया। एसटीएफ ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बाइक चोरी के मामले में गंगनहर कोतवाली रुड़की पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की बाइक बरामद की है। क्षेत्र में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने नया पुल नहर पटरी के पास से दो युवकों को बाइक पर आते देखा। शक होने पर रोककर उनके कब्जे से चोरी की बाइक संख्या यूके 17 पी-7234 बरामद हुई। बरामद बाइक की चोरी के संबंध में पूर्व में कोतवाली में मुकदमा दर्ज था। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम व पते उवेश पुत्र फुरकान निवासी नकली चाय वाली गली पुरानी तहसील रुड़की

# देहरादून में चार नवंबर को लगेगा बागेश्वर सरकार का दिव्य दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** श्री पशुपति नाथ मंदिर, भारत चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। यह जानकारी गुरुवार को चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक टीएस रावत ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम के लिए दो नवंबर को प्रातः 10 बजे से सचिवालय के नजदीक स्थित प्रथम सीडीएस बिपिन रावत की प्रतिमा तक एक सनातन कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। इसमें हजारों की संख्या में मातृ शक्ति, युवा एवं युवती प्रतिभाग करेंगे। इसी कड़ी में 3



नवंबर को रायपुर रोड स्थित महाराणा स्पोर्ट्स कालेज में राष्ट्रभृत महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों की संख्या में सनातनी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में पशुपतिनाथ मंदिर भारत चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक टीएस रावत ने बताया कि 4 नवंबर को बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री उत्तराखंड के रायपुर महाराणा प्रताप स्टेडियम में पहली बार दिव्य दरबार का आयोजन करेंगे जो रात 11 बजे तक चलेगा।

दिव्य दरबार के दौरान धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपने भक्तों से वार्ता भी करेंगे।

# उपराष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर** **उप राष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ शुक्रवार 27 अक्टूबर को बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे है। उनकी सुरक्षा को लेकर गुरुवार को पुलिस की ओर से गौचर और बदरीनाथ धाम में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को पुलिस के उच्चाधिकारियों ने ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्मिक अनंत शंकर ताकवाले पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव ने बदरीनाथ में और सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी प्रीति प्रियदर्शिनी ने गौचर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में नियुक्त पुलिस बल और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को ब्रीफ



किया गया एवं उपराष्ट्रपति भ्रमण से पूर्व ही समय रहते समस्त सुरक्षा, यातायात, पुलिस व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान उपराष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों की समीक्षा की गई तथा वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के दृष्टिगत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सजग और सतर्क रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के बाद उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में नियुक्त सभी पुलिस फोर्स की ओर से अपनी-अपनी ड्यूटी प्वाइंटों पर नियुक्त रहते हुए ड्यूटी को अंजाम देते हुए कार्यक्रम की रिहर्सल की गई एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों की ओर से इसका पर्यवेक्षण किया गया एवं रिहर्सल में जो भी कमियां पाई गई उसके संबंध में पुलिस फोर्स को पुनः ब्रीफ करते हुए उप राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए।

**निर्देश दिए**

**8 उप राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

# चम्पावत : 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत जिले से एकत्र पवित्र मिट्टी व चावल देहरादून को किए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/चम्पावत :** **मेरी** माटी मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को गौरलचोड़ मैदान में कार्यक्रम का आयोजन कर जिले की सभी 313 ग्राम पंचायतों व चारों नगर निकाय क्षेत्रों से एकत्रित पवित्र मिट्टी एवं चावल के कुल 8 कलशों को वाहन के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून को रवाना किया गया। देहरादून से पूरे प्रदेश से एकत्रित पवित्र मिट्टी व चावल को देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ ले जाया जाएगा। इससे पूर्व एक कार्यक्रम आयोजित कर वीर शहीदों, देश के बलिदानियों, वीर सपूतों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सभी को कार्यक्रम की बधाई देते



हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कहा कि यह एक बड़ा ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अर्थात माटी को नमन वीरों को वंदन। इस अभियान के अंतर्गत हमारे देश की आजादी दिलाने में अपनी शहादत देने वाले व वीर शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।
जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत देशभर में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगरीय क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर वीर सपूतों को याद करते हुए




उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम जिले के ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के वार्ड तक आयोजित किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, क्षेत्र प्रमुख चम्पावत रेखा देवी, अध्यक्ष नगर पालिका विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि चम्पावत प्रकाश तिवारी, श्याम नारायण पांडेय ने वीर शहीदों, देश के बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान जो पूरे देश में चलाया गया है।कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत ने किया। अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, अध्यक्ष नगर पालिका विजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, जिलाध्यक्ष भाजपा निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**रवाना किया**

**8 चावल के कुल 8 कलशों को वाहन के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून को रवाना किया गया**

# उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपरिवार किये गंगोत्री धाम के दर्शन

## मां गंगा की पूजा अर्चना करने के बाद मांगा राष्ट्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद

आशीर्वाद

8 उप राष्ट्रपति धनखड़ धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ संग गंगा घाट पर गंगा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए





**टीम एक्शन इंडिया/ उत्तरकाशी**
**उप** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सपरिवार गंगोत्री धाम के दर्शन कर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) भी मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति ने गंगोत्री धाम में राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति के लिए पूजा अर्चना की। करीब 37 मिनट का अल्प समय गंगोत्री धाम में बिताने के बाद उप राष्ट्रपति ने हर्षिल स्थित आर्मी हेलीपैड के लिए प्रस्थान किया, जहां से वे वायुसेना के विमान से देहरादून के लिए निकले हैं। उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दोपहर एक बजे हर्षिल स्थित आर्मी हेलीपैड पर उतरे। यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट के बाद वे वाया सड़क मार्ग से ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री धाम मन्दिर परिसर पहुंचे। गंगोत्री धाम पहुंचते ही स्वागत द्वार पर गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा, मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने धाम परिसर स्थित विश्राम कक्ष में पांच मिनट विश्राम किया और फिर तीर्थपुरोहितों से मुलाकात कर गंगोत्री धाम के पौराणिक एवं धार्मिक के बारे में चर्चा की। विश्राम कक्ष से बाहर आने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उप राष्ट्रपति धनखड़ धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ संग गंगा घाट पर गंगा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। घाट से सीधे मंदिर परिसर पहुंचकर उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की।

इस दौरान श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल, सुरेश सेमवाल, महेश सेमवाल, संजीव सेमवाल, मुकेश, मनु, कमलनयन, माधव सेमवाल आदि तीर्थपुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा कराई। पूजा संपन्न होने के बाद उप राष्ट्रपति ने तीर्थपुरोहितों से राष्ट्र की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा में तीर्थपुरोहितों ने देश की उन्नति और खुशहाली और शांति की कामना की। विधिवत पूजा अर्चना के बाद धाम परिसर में तीर्थपुरोहितों से संक्षिप्त मुलाकात कर हर्षिल स्थित आर्मी हेलीपैड के लिए रवाना हुए।

इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, आईजी ददनपाल,पुलिस उपाध्यक्ष अर्पण यदुवंशी, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उपजिलाधिकारी बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे हैं।

# मंत्री डॉ. अग्रवाल ने ढोल नगाड़ों के बीच किया श्रीराम का राजतिलक

टकराई

8 1955 से स्थापित श्रीरामलीला कमेटी सुभाष बनखंडी में हुआ श्रीराम का राजतिलक, कलाकारों को बांटे गए



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश।**
1955 से स्थापित सुभाष बनखण्डी श्रीरामलीला में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने रामलीला परिसर पर टीन शेड निर्माण के लिए 05 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा भी की। बनखण्डी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला की शुरूआत नंदीग्राम से हुई। यहां भरत प्रभु राम का इंतजार करते हैं। तभी हनुमान जी पहुंचकर श्रीराम के आने की सूचना देते है। इसके बाद श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण अयोध्या पहुंचते है। कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम का तिलक लगा व मुकुट पहनाकर राज्याभिषेक किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बनखण्डी में लंबे समय से रामलीला का आयोजन संस्कृति का संवाहक है। रामलीला हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इसमें आने वाले हर एक नागरिक को सीख मिलती है। रामलीला प्रेरणादायक मंच है। यहां मंचन करने वाले कभी जीवन में निराश नहीं हो सकते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि रामलीला में हर एक किरदार सीख देता है। प्रभु राम से हमें एक आज्ञाकारी पुत्र, सच्चे जीवनसाथी सहित सत्य की राह में चलने की सीख मिलती है। इसी तरह लक्ष्मण जी द्वारा बड़े भाई की परछाई के रूप में भातृ प्रेम की सीख मिलती है, माता सीता के रूप में पतिव्रता धर्म निभाने वाली महिला, रावण के रूप में अभिमानी होते हुए भी कभी गलत नियत से माता सीता को न देखने की भी सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि हनुमान और शबरी के रूप में अनन्य भक्त की प्रेरणा भी रामलीला के जरिये लोगों तक मिल रही है। डॉ अग्रवाल ने रामलीला के सुंदर मंचन की प्रशंसा करते हुए आयोजक मण्डल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय बच्चों के भीतर की कला को निखारने का मौका मिलता है। इस मौके पर उन्होंने श्री राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और रावण, मेघनाथ के कलाकार को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामलीला कमेटी विनोद पाल, महामंत्री हरीश तिवाड़ी, इंद्र कुमार गोदवानी, ज्योति सिंह सजवाण, वरिष्ठ पार्षद शिव कुमार गौतम, राजेश दिवाकर, लता तिवाड़ी, रोहताश पाल, हुकुम चंद, निर्देशक मनमीत कुमार, पप्पू पाल, मिलन कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल धीमान, सुरेंद्र कुमार, अशोक मौर्य, दीपक जोशी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 'इस त्यौहार नो इंतजार' एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स लॉन्च की

**देहरादूनः** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने सुपरफास्ट बैंकिंग सेवाओं और कार्ड और ईजी ईएमआई पर 10,000 प्लस ऑफर के साथ अपने वार्षिक अभियान - फेस्टिव ट्रीट्स के लॉन्च की घोषणा की। चार सफल अभियानों के बाद, इस वर्ष की थीम "इस त्यौहार नो इंतजार" है, जिसका अर्थ है कि इस त्योहारी सीजन में कोई इंतजार नहीं है। तत्काल सेवाओं की पेशकश के अलावा, बैंक इस त्योहारी सीजन के दौरान खरीदारी को सभी उपभोक्ताओं के लिए सुखद और सुलभ बनाने के लिए खातों, ऋण, कार्ड, ईजी ईएमआई, उपभोक्ता ऋण, कार्डलेस ईजी ईएमआई और अन्य उत्पादों पर कई ऑफर चलाएगा। एचडीएफसी बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, रवि संथानम ने कहा, ह्लफेस्टिव ट्रीट्स अभियान इस उत्सव के मौसम के दौरान खुशियाँ फैलाने के हमारे समर्पण का प्रतीक है। आकर्षक डील्स और ऑफर्स का इंतजार खत्म हो गया है। हमारे उन्नत तत्काल डिजिटल समाधानों के माध्यम से, ग्राहक अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं तक निर्बाध रूप से पहुंच सकते हैं। अभियान का नारा "इस त्यौहार नो इंतजार" आसानी और सुविधा के साथ-साथ उत्सव के उल्लास का प्रतीक है। हम अपने सभी उपभोक्ताओं को त्योहारी सीजन की शुभकामनाएँ देते हैं !ह्व फेस्टिव ट्रीट्स के तहत, वेतनभोगी व्यक्तियों और व्यवसाय मालिकों सहित सभी मौजूदा और गैर-बैंक ग्राहक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। बैंक घरों, वाहनों, व्यवसायों, व्यक्तिगत जरूरतों और अधिक के लिए रियायती ब्याज दरों और प्रसंस्करण शुल्क पर एक्सप्रेस ऋण की पेशकश कर रहा है। इसके अलावा, बैंक का ऐप्पल, सैमसंग, एलजी, सोनी, हायर, एचपी, एसर, आईकेईए, होम सेंटर, अमेजॉन, लाइफस्टाइल और कई अन्य प्लेटफार्मों जैसे शीर्ष ब्रांडों और व्यापारियों के साथ विशेष गठजोड़ किया है। इसके अलावा ग्राहकों के पास एचडीएफसी बैंक कार्ड और कार्ड उपभोक्ता ऋण पर ईजी ईएमआई विकल्पों का उपयोग करके 50,000 रुपये तक बचाने का मौका है

### दवा निर्माण के अच्छे तरीकों के लिए भरोसेमंद सामान का इस्तेमाल जरूरी

**पंतनगर।** हाल में आई खबरों से सामने आया है कि भारत में कई दवा कंपनियां मानक से घटिया स्तर की निर्माण विधियों का प्रयोग कर रही हैं। इससे न केवल उनके ब्रैंड पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि व्यापक रूप से पूरे दवा उद्योग की छवि भी खराब हो रही है। नतीजतन, सरकार ने दवा कंपनियों और विशेष रूप से एमएसएमई को अगले 6-12 माह में निर्माण के लिए बेहतर तरीके अपनाने या जीएमपी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया है। आंकड़ों के अनुसार, कुल 10,500 निमार्ताओं में से केवल दो हजार के पास ही ह्लजीएमपी सर्टिफिकेटह्व है। इससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है, जिसका समाधान सरकार को प्रयत्न करके खोजना है। दवा संबंधी उत्पादों में मानक और निर्माण-विधियों में सुधार पर निगरानी के साथ जीएमपी सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, सरकार को एपीआई, फाइनल फॉम्युर्लेशंस और दवा उत्पादों के निर्माण के लिए भारतीय दवा निमार्ताओं द्वारा आईपीए, एसीटोन, एमडीसी और मेथनॉल जैसे फामाकोपिया मोनोग्राफ्ड सॉल्वेंट्स/एक्सीपिएंट के प्रयोग पर भी अधिक सजग रुख अपनाना चाहिए। दि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 की दूसरी अनुसूची के खंड-16 के अनुसार, फामाकोपिया का मानक, इंडियन फामाकोपिया कमीशन (आईपीसी) और राज्य की अन्य नियंत्रण इकाइयों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखना जरूरी होता है।

# आदि कैलाश यात्रा से लौट रही दुर्घटनाग्रस्त जीप में सवार सभी 6 लोगों के शव बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
**पिथौरागढ़** के धारचूला-गूंजी मार्ग पर तंपा मंदिर के पास 500 मीटर खाई में गिरी जीप में सवार सभी 6 यात्रियों के शव गुरुवार सुबह बरामद किए गए। बुधवार को आदि कैलाश जाने वाले यात्रियों को लेकर लौट रही जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जीप में 4 लोग कैलाश यात्रा के लिए आए थे जबकि दो स्थानीय लोग सवार थे। एसडीआरएफ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक मनोज धोनी की अगुवाई में एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई लेकिन भारी बारिश के चलते दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव एवं राहत कार्य चलाया जाना संभव नहीं था। वाहन (वड04-व्ळइ 2734) में कुल 06 लोग सवार थे, जो आदि कैलाश यात्रा के लिए आये थे। इनमें से 02 स्थानीय निवासी थे। आज सुबह एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय पुलिस व अन्य बचाव इकाइयों की मदद से संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। गहरी खाई में उतर कर बचाव कर्मी दुर्घटनाग्रस्त जीप तक पहुंचे। जहां जीप में सवार सभी छह के शव बरामद किए गए। इनमें बंगलुरू निवासी सत्यब्रदा पारैदा (59), हैदराबाद निवासी नीलाला पन्नोल (58), मनीष मिश्रा (48), दिल्ली निवासी प्रज्ञा (52), पिथौरागढ़ निवासी हिमांशु कुमार (24) व वीरेंद्र कुमार (39) शामिल हैं।

# पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार:** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने दशहरा पर्व के दिन सेक्टर 04 से चोरी की गई बाइक को बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दशहरा पर्व के दिन रानीपुर क्षेत्र के ग्राम मीरपुर हरिद्वार निवासी पंकज पुत्र पप्पू की बाइक संख्या यूके 07 के 4637 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। इस संबंध में पंकज ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद चेकिंग के दौरान सुमन नगर तिराहे से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से चोरी की बाइक को बरामद कर लिया। इसके साथ पुलिस ने चोरी के एक अन्य मामले में आरोपितों के पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में अपने नाम व पते रवि उर्फ लोटा उर्फ मैक्स पुत्र बाबूराम निवासी सलेमपुर रानीपुर हरिद्वार व संजय पुत्र काशीराम निवासी सलेमपुर पानी की टंकी के पास रानीपुर हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# अमृत कलश यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को चमोली जिले से अमृत कलश यात्रा रथ को मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मुख्य विकास अधिकारी डा. एलएन मिश्र ने कहा कि हमारे वीर शहीदों के सम्मान में पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान संचालित किया गया। अमर शहीदों की याद में सभी ग्राम पंचायत और निकायों में विशेष शिलालेखों की स्थापना भी की गई है। समस्त ग्राम पंचायत एवं निकायों से कलश में पवित्र मिट्टी और पौधों के साथ कलश यात्रा को देहरादून के लिए रवाना किया गया है। जहां से कलश यात्रा को देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। देश के कोने-कोने से कलश में लाई गई पवित्र मिट्टी और पौधों से देश की राजधानी दिल्ली मे शहीदों की स्मृति में अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक बनेगी। जिले से अमृत कलश यात्रा को जयघोष के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर विकास विभाग के तमाम अधिकारी व कार्मिक मौजूद थे।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर हुई भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर।**
चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक सभागार में गुरुवार को भाजपा ग्रामीण मंडल की बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक की गई। इसमें कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनावों की तैयारी को लेकर मतदाताओं का सत्यापन कर बूथ को मजबूत करने पर बल दिया गया। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष हिमानी वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर अपने-अपने बूथों को मजबूत करें, लोकसभा के चुनावों के तैयारियों में अभी से जुट जाएं। उन्होंने कहा बूथ पर मतदाताओं का सत्यापन कर बूथ को सशक्तिकरण करना है इसे राज्य और केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी आम जन तक दी जाए ताकि लोग को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सरल एप्स के माध्यम से नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया।

# मुख्यमंत्री स्वर्ग आश्रम में तीन दिवसीय द बीटल्स द गंगा फेस्टिवल का करेंगे उद्घाटन



काबू

8 इस फेस्टिवल को किए जाने का मकसद बीटल्स से जुड़े लोगों को भी इस कार्यक्रम के प्रति आकर्षित करना है

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश।**
**स्वर्ग** आश्रम क्षेत्र में तीन दिवसीय द बीटल्स द गंगा फेस्टिवल का पहली बार आयोजन 27 अक्टूबर को किया जाएगा। यह जानकारी पौड़ी के जिलाधिकारी ने दी। जिलाधिकारी आशीष चौहान ने गुरुवार को गंगा रिसॉर्ट में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि फेस्टिवल का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस फेस्टिवल में संगीत प्रस्तुतियों के साथ स्थानीय उत्पादन और व्यंजनों की भी धूम रहेगी, जिसका समापन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। फेस्टिवल में लोक संस्कृति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसमें लगाए जाने वाले स्थानीय उत्पादों के स्टॉल पर महिलाएं पारंपरिक वेष भूषा में रहेंगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादों को बनाने वाली महिलाओं की फोटो लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है। यह जानकारी पौड़ी के जिलाधिकारी ने बताया कि फेस्टिवल का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी करेंगे 28 अक्टूबर को राज्यपाल गुरमीत सिंह विशेष मुख्य अतिथि के रूप में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज रहेंगे। 29 अक्टूबर को फेस्टिवल का समापन कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में योग, मेडिटेशन, पर्यटन के अतिरिक्त नमामि गंगे पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पश्चिमी देशों से आने वाले पर्यटकों के लिए भी कार्यक्रम होंगे, जिसमें बीटल्स से संबंधित योग ध्यान के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। मार्च में होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के संबंध में भी बताया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम वानप्रस्थ आश्रम और महर्षि महेश योगी की बीटल्स कुटिया में भी कार्यक्रम होंगे, जिसके लिए 84 कुटिया को भी सजाया संवारा जा रहा है। इसका मकसद बीटल्स द्वारा गीतों को भी जन जन तक पहुंचने में काफी योगदान रहा है।

इस फेस्टिवल को किए जाने का मकसद बीटल्स से जुड़े लोगों को भी इस कार्यक्रम के प्रति आकर्षित करना है। भारतीय संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जाएगा। पत्रकार वार्ता में डिप्टी कलेक्टर पौड़ी की स्मिता परमार ,यमकेश्वर के उप जिलाधिकारी अनिल चान्याल भी उपस्थित थे।

# मेरी माटी, मेरा देशः पवित्र माटी कलश देहरादून रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**मेरी** माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को सभी विकास खण्ड व नगर निकायों से एकत्रित हुई पवित्र माटी के कलशों को हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश की राजधानी देहरादून के लिये रवाना किया गया, जहां से ये पवित्र माटी से भरे कलश समारोहपूर्वक दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित अमृत वाटिका पहुचेंगे। प्रभारी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आयोजित इस कलश यात्रा में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों को बधाई व शुभकामना दी। इससे पूर्व जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल कार्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न स्कूलों में छात्र- छात्राओं ने देश-भक्तिपरक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर पीडी के0एन0 तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रमोद पाण्डेय, जिला क्रीड़ाधिकारी सुश्री शबाली गुरूंग सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बसपा छोड़ गंगेश कुमार ने थामा आआपा का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**आम** आदमी पार्टी (आआपा) की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के विकास कार्यों से प्रेरित होकर नगर निगम में सभासद और पार्षद का चुनाव लड़ चुके गंगेश कुमार ने बसपा छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। पूर्व जिला अध्यक्ष इं. संजय सैनी और पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने गंगेश कुमार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बसपा से आए गंगेश कुमार ने बताया कि बसपा में कार्यकताओं का कोई सम्मान नहीं है। बसपा धीरे-धीरे सिमटती जा रही है। जनता का बसपा से अब मोहभंग हो चुका है। आम आदमी पार्टी लगातार जनता के मुद्दों पर काम कर रही है। दिल्ली और पंजाब में अरविंद केजरीवाल जी की सरकार है। पूर्व जिला अध्यक्ष इं. संजय सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का लगातार जनाधार बढ़ रहा है। पार्टी का पूरे देश में तेजी से विस्तार हो रहा है, मात्र 10 वर्षों में ही पार्टी ने दो बड़े राज्यों में सरकार बनाई है। उत्तराखंड में भी पार्टी का तेजी से विस्तार हो रहा है।

पार्टी उत्तराखंड को लेकर गंभीर है और जल्द ही प्रदेश में नई कार्यकारिणी घोषित होगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि पार्टी लगातार हरिद्वार में जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर रही है।

# चौथा साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल 2023 डीआईटी विश्वविद्यालय में आज से

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव का चौथा संस्करण 27 अक्टूबर से, छात्र भी दिखाएंगे प्रतिभा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकोस्ट) और डीआईटी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से चौथे देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव (डीआईएसटीएफ-2023) का आयोजन 27 से 29 अक्टूबर, 2023 तक देहरादून में डीआईटी विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस महोत्सव में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 25 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चौथे संस्करण के लिए तैयार हो जाइए। डीआईएसटीएफ 2023 उत्साह, उमंग और खोज से भरपूर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक असाधारण उत्सव साबित होगा। इसमें खास बात ये है कि इसमें छात्रों से लिए कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। ये कार्यक्रम रहेंगे विशेष आकर्षण इस वर्ष देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव (डीआईएसटीएफ) में 25 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें ग्रीन एनर्जी, कृषि और प्रौद्योगिकी, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा, छात्रों के लिए विज्ञान क्विज, मैथ क्विज, साइंस पोस्टर प्रतियोगिता, मीट द साइंटिस्ट, एयरोमॉडलिंग वर्कशॉप, इलैक्ट्रानिक सर्किट डेवलेपमेंट वर्कशॉप, मैजिक ऑफ मैथ, मैजिक ऑफ ऑप्टिकल साइंस, वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, अनमैन एयरो व्हीकल (यूएवी), ग्लोबल वार्मिंग एवं क्लाइमेट चेंज, साइंस फैशन शो व आफ्टर स्कूल कन्वेंशन आदि कार्यक्रम भी होंगे।

महोत्सव के दौरान एक विशाल प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, स्टार्टअप्स, नवाचार और प्रौद्योगिकी में कार्य कर रही कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा।

## संपादकीय

# भारत किसे चुनेगा- नेपाल या बांग्लादेश

**इस बार** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय निदेशक का चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है। चुनाव में भारतीय उम्मीदवार नहीं होने के बावजूद भारत की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। भारत के सामने धर्मसंकट यह है कि इस पद के दोनों उम्मीदवार भारत के करीबी मित्र देश क्रमशः बांग्लादेश और नेपाल से हैं। ऐसे में भारत के लिए कोई फैसला करना आसान नहीं होगा। भारतीय मूल की पूनम खेत्रपाल सिंह इस समय डब्लूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया (एसईएआरओ) की क्षेत्रीय निदेशक हैं, जो 2014 से इस पद पर हैं। वे इस पद को संभालने वाली पहली महिला हैं। 2018 में उन्हें सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया था। पांच साल के कार्यकाल वाले इस पद के चुनाव के लिए दिल्ली में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर को बंद कमरे में सदस्य देशों की बैठक होगी। इसमें भारत सहित 11 देश बांग्लादेश, भूटान, उत्तर कोरिया, इंडोनेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाइलैंड और ईस्ट तिमोर के स्वास्थ्य मंत्री मतदान करेंगे। यह मतदान गोपनीय होगा। इस पद के लिए दो उम्मीदवार हैं- बांग्लादेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ साइमा वाजेद और विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारी रहे नेपाल के शंभु प्रसाद आचार्य। दोनों ही उम्मीदवारों की तरफ से चुनाव में बहुमत जुटाने की पुरजोर कोशिशें लगातार जारी हैं। मतदान में हिस्सा लेने वाले देशों से संपर्क साधा जा रहा है।

साइमा वाजेद सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के साथ बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी हैं। साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल करने वाली साइमा का ऑटिज्म में स्पेशलाइजेशन भी है। हालांकि उनकी दावेदारी पर वंशवाद के आरोप लगाए गए। दुनिया भर के 60 से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने डब्लूएचओ को पत्र लिख कर क्षेत्रीय निदेशक के चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने की अपील की है। साथ ही उम्मीदवारों की शिक्षा एवं योग्यता की पूरी कठोरता से जांच की मांग की गई है। हालांकि पत्र में किसी उम्मीदवार का नाम नहीं लिया गया है। साइमा अगर जीतती हैं तो वे बांग्लादेश की तरफ से दूसरी क्षेत्रीय निदेशक होंगी। उनसे पहले बांग्लादेश के सैयद मुदस्सर अली इस पद पर रह चुके हैं।

नेपाल की तरफ से इस पद के उम्मीदवार डॉ. शंभु प्रसाद आचार्य सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में पीएचडी धारक हैं। उन्होंने डब्लूएचओ के साथ करीब 30 वर्षों तक काम किया है। डॉ. आचार्य डब्लूएचओ के जेनेवा मुख्यालय में महासचिव कार्यालय में कंट्री स्ट्रैटिजी एंड सपोर्ट के डायरेक्टर हैं। उन्होंने अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए पिछले दिनों काठमांडू में एसईएआरओ के सदस्य देशों के राजदूतों की बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी के लिए रूप में अपनी सेवाओं एवं अनुभव पर प्रजेंटेशन देते हुए चुनाव के लिए सहयोग व समर्थन मांगा। वे डब्लूएचओ अधिकारी के रूप में 1992-1997 तक ढाका एवं 1997-1999 तक दिल्ली में सेवाएं दे चुके हैं।

**क्या होगा भारत का रुख**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं और यह संगठन छह क्षेत्रों अफ्रीका, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी भूमध्यसागर, वेस्टर्न पैसिफिक और अमेरिका में बंटा हुआ है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में आने वाले भारत का इस संगठन में विशेष महत्व रहा है।

# भारत में भी तैयार है गाजापट्टी जैसा उन्माद फटने को

**ललित गर्ग**

> भारत में भी अक्सर ऐसा होता रहा है। सभ्यता संचार माध्यमों का निर्माण करती है, ताकि लोगों तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकें, पाशविकता उनका इस्तेमाल झूठ, नफरत, द्वेष एवं उन्माद फैलाने के लिए करती हैं, ताकि लोगों को निशाना बनाया जा सके। सभ्यता मानवीयता को पालती-पोसती है, पाशविकता उन मनुष्यों को मानव दीवार में इस्तेमाल करती है। जिनमें कट्टरता है, उन्माद है, जिन्होंने हाथों में बम एवं हथियार उठा लिये हैं, वह शांति एवं अमन का कोई तर्क नहीं सुनेगा एवं समझेगा। वे यह भी समझने को तैयार नहीं होंगे कि निर्दोष मृतकों की सूची लम्बी करने के परिणाम में घृणा की विरासत बनती है। उन्माद, जिहादी घृणा, नफरत, द्वेष और खून की विरासत कभी किसी को कुछ नहीं देती, किसी का भला नहीं करती।

**समूची** दुनिया मजहबी कट्टरता, अमानवीय अत्याचार एवं उन्मादी आतंकवाद के चलते विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। हमास के आतंकवादियों ने किस तरह की हैवानियत की थी, छोटे छोटे बच्चों एवं महिलाओं के साथ घर में घुसकर हिंसा, अनाचार किया, गोली मारी, जिंदा जला दिया। पकड़े गये सैनिकों को बारूद में लपेट कर जीवित जला देना, अपने ही हिमायती लोगों को अपने लिए मानव ढाल बनने के लिए मजबूर करना, उन्हें युद्ध क्षेत्र में रोकना, जिससे अधिक से अधिक लोगों की जान जा सके यह किसी युद्ध की स्थिति नहीं है, यह इस्लामी कट्टरवादी सोच है। यह सारी मानवता को चुनौती है, विश्वशांति को खतरा है, उसके लिए अस्तित्व रक्षा का प्रश्न है। अब सवाल ये है कि गाजा के आम लोगों का इसमें क्या कसूर? क्या हमास की दरिंदगी का बदला गाजा के आम लोगों के खून से चुकाया जाएगा? आखिर कब तक निर्दोष, मासूम एवं आमजन उन्माद एवं आतंक की भेंट चढ़ते रहेंगे? इस्लामी कट्टरता एवं उन्माद के काले दंश केवल गाजापट्टी में ही नहीं, भारत में भी कहर बरपाते रहे हैं, लम्बे समय से जम्मू-कश्मीर हो या, हाल ही में मणिपुर-मेवात में हुई हिंसा, उन्माद एवं वहशियाना हरकतें चिन्ता का सबब बनती रही है। इस्लामी आतंकवाद खतरनाक है, मानवता पर कुठाराघात है। इस तरह के आतंक से दुनिया को डराना एवं भयभीत करना मुख्य लक्ष्य है। हमास के आतंकवादियों ने जब इजरायल के मासूम नागरिकों पर बेरहमी से हमला किया तो वो हथियारों के साथ-साथ कैमरों से भी लैस थे, अपनी वहशियाना हरकतों को कैमरे में कैद कर रहे थे। आज जब इसके सबूत सामने आए तो साफ हो गया कि इरादा सिर्फ मारकाट मचाना नहीं था, इरादा सिर्फ इजरायल को नुकसान पहुंचाने का भी नहीं था, इरादा तो ये था कि ये हैवानियत दुनिया को दिखाई जाए, दुनिया को इस्लाम एवं उसकी आतंकी सोच के सामने झूकने को विवश करना इरादा था, इरादा इजरायल के आत्मसम्मान पर चोट पहुंचाना भी था। इजरायल दुनिया को हमास के जुल्मों की तस्वीरें दिखाकर पूछ रहा है कि इस पर दुनिया के इस्लामिक देश खामोश क्यों हैं? जो आज इजरायल से जंग रोकने के लिए कह रहे हैं उन्होंने हमास की अमानवीय कार्रवाई की निंदा क्यों नहीं की? अगर कैमरों पर सबूत न होते तो कुछ लोग शायद ये कह देते कि



इजरायल की फौज और मोसाद ने खुद ही अपने लोगों को मरवाया ताकि उन्हें हमास पर हमला करने का बहाना मिल सके। लेकिन इस बात के पुख्ता सबूत हैं और दावे भी कि हमास के आतंकवादियों ने मासूम और बेकसूर लोगों के साथ वहशियाना तरीके से जुल्म किया, हत्या की और आज भी अगवा किए गए लोगों को इंसानी ढाल बनाकर अपने आप को बचाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन फिलिस्तीन का समर्थन एवं मानवाधिकार की बातें करने वाले इन हरकतों को नजरअंदाज करने में लगे हैं। दुनिया के कई मुल्कों में प्रदर्शन हुए हैं, लोग इजरायल पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि वो गाजा पर किए जा रहे हमलों को रोके। इजरायल के कड़े रुख को देखते हुए अब हमारे देश में भी फिलिस्तीन और हमास के समर्थन में मुस्लिम संगठनों और मुस्लिम नेताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। ये वे ही लोग एवं संगठन हैं जो भारत में होने वाली आतंकवादी घटनाओं, उन्मादी सोच एवं हिंसा एवं पाकिस्तानी हरकतों का समर्थन करने से बाज नहीं आते। हमास के दहशतगर्दों ने महिलाओं के कपड़े उतारकर उन पर जुल्म करके, उनकी नुमाइश करते वक्त कैमरों के सामने अल्लाहु अकबर के नारे लगाए। गौर करने की बात ये भी है कि सऊदी अरब और यूनिइटेड अरब अमीरत के मुल्कों में कोई विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर नहीं उतरा लेकिन हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके बारे में कुछ लोग कह रहे हैं-बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। असदुद्दीन ओवैसी खुलकर इजरायल का विरोध कर रहे हैं। इजरायल का समर्थन करने के भारत सरकार के फैसले को गलत बता रहे हैं। पिछले दिनों मेवात में बरपी इस्लामिक कट्टरता में भी गाजापट्टी जैसे ही दृश्य देखने को मिले। जिहादियों ने हिन्दुओं पर हमला करने की पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। यहां तक कि उन्होंने मन्दिर में फंसे हिन्दू महिलाओं, बच्चों एवं निदोर्षों को निकालने के लिये गुरुग्राम से आने वाले पुलिसकर्मियों पर भी हमले किये। पुलिस थाने को भी जला दिया गया, ताकि पुलिसकर्मी रक्षा एवं बचाव कार्य न कर सके। उस समय मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया था। मेवात में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का कब्रिस्तान बनाने का एक षडयंत्र एवं साजिश थी। मेवात के सभी सैकड़ों गांव हिन्दू-विहीन हो चुके हैं। मेवात के हालात आज के गाजा पट्टी जैसे ही बने हुए थे। भारत में ऐसे अनेक गाजापट्टी हैं, जहां इस्लामिक उन्माद चाहे जब फट सकता है। पूरे देश में इस्लामिक कट्टरता एवं जिहादी सोच के चलते मानवीय मूल्यों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का ह्रास हुआ है। हिंसा, आतंक, उन्माद पनपे हैं। इस्लामिक कट्टरता एवं उन्माद से जुड़ी समस्याओं ने नये सन्दर्भों में पंख फैलाये हैं। मानवीय संबंधों के बीच एकता, अखण्डता, सहयोगिता, सह-अस्तित्व, प्रेम, आपसी सौहार्द, करुणा, अहिंसा एवं उदारता की पहचान घटी है।

कहना गलत न होगा कि हमास द्वारा इजरायल के निदोर्षों का नरसंहार भारत के कथित धर्मनिरपेक्ष तत्वों को दिखाई नहीं दिया, वे तथा सत्ता विरोधी गठबंधन से जुड़े दल मुस्लिम वोटों की संकीर्ण राजनीति के चलते आतंकियों के विरुद्ध एक भी शब्द बोलने की हिम्मत नहीं जुटा सके, आतंक के विरोध में बोलना उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जो ठहरा। विश्व भर में मानवाधिकारों की बात करने वाले भी आतंकी हमलों का विरोध न कर-के चुप्पी साथ गए। यही नहीं, आतंकियों के समर्थन में भारत भर में सत्ता के विरोध का वातावरण बनाया गया। अब मानवीय दृष्टिकोण से जब गाजा के सामान्य निर्दोष नागरिकों के लिए भारत ने राहत सामग्री भेजी है, तब हमास के समर्थन में जुलूस निकालने और तकरीर करने वाले तत्वों ने भारतीय सत्ता की तनिक भी सराहना नहीं की। भारत ने विश्वस्तर पर पीड़ित मानवता की सहायता करने में कभी कसर बाकी नहीं छोड़ी, फिर भी खास धर्म के अनुयायियों द्वारा भारत का विरोध करना यही सिद्ध करता है कि भले ही सबका साथ सबका विकास की नीति का अनुपालन करते हुए सत्ता भेदभाव न करती हो, फिर भी कुछ तत्व ऐसे हैं जिनके लिए धर्म के नाम पर आतंकियों का समर्थन सर्वोपरि है, राष्ट्र दोयम दर्जे पर ही है। यह चिंताजनक स्थिति है, जिस पर गंभीरता से चिंतन किया जाना नितांत आवश्यक है। जब आतंकवादियों पर कार्रवाई होगी, तो मानवाधिकारों का मामला बन जाएगा, और जब आतंकवादी निरीह नागरिकों की हत्याएं-बलात्कार और बाकी जघन्यता करेंगे, तो वही रूदाली गिरोह या तो दूसरी ओर देखने लगेगा, या महीन ढंग से काते गये शब्दों से उसके लिए ढाल पेश करने की कोशिश करेगा। यह ढाल शाब्दिक होती है, आभासी होती है। भौतिक ढाल वे मनुष्य होते हैं, जो उनके नियंत्रण में होते हैं। लगता है ऐसे में फिलिस्तीनियों को सावधान रहना होगा, क्योंकि मानवाधिकारवादी रूदाली के तीसरे चरण के लिए फिर मानवों की कुबार्नी की आवश्यकता पड़ सकती है। जाहिर है, यह कुबार्नी के मानव वे फिलिस्तीनी ही हो सकते हैं, जो या तो आतंकवादियों के हथियारों के वश में हैं या आतंकवादियों के दिखाए सपनों के वश में हैं।

भारत में भी अक्सर ऐसा होता रहा है। सभ्यता संचार माध्यमों का निर्माण करती है, ताकि लोगों तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकें, पाशविकता उनका इस्तेमाल झूठ, नफरत, द्वेष एवं उन्माद फैलाने के लिए करती हैं, ताकि लोगों को निशाना बनाया जा सके।

## कविता

**युद्ध,मासूमों की सिसकियां'**

हाय बेवजह युद्ध ?
तेरी एक सनक ने
एक हठधर्मिता ने
इसराइल और पिलिस्तीन के लाखों नन्हे
मासूमों की जान ले ली,
महिलाओं की
कोख उजाड़ दी
न जाने कितनी
अबलाओं को बेघर
कर उनके पतियों को
मीनारों में दफ़्न कर दिया,
तेरी एक बारूद की
चिंगारी ने हजारों लाखों
जीवन में अंधकार भर दिया,
लानत है
अनावश्यक मर्दानगी पर
तुम्हारे बलशाली होने पर
कभी एक मासूम
अनाथ नन्हे की
जिंदगी सवार कर देखो,
किसी अबला को
सबला बना कर देखो,
उनकी रक्तिम आंसुओं
की चित्कार सुनों

**संजीव**

# मुफ्त की रेवड़ियों का पैसा कहां से आएगा!

**रोहित माहेश्वरी**

**देश** में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। सभी राजनीतिक दल जीत के लिए एड़ी चोटी का दम लगा रहे हैं। वहीं विरोधियों को धूल चटाने और वोटरों का अपने पाले में लाने के लिए राजनीतिक दल तमाम ऐसे वायदे कर रहे हैं, जिन्हें पूरा करने में राज्य की खजाने का दम फूलना तय है। मुफ्त चुनाव वाले राज्यों में राजनीतिक दल बिना सरकारी खजाने की सेहत का अनुमान लगाए बिना धड़ाधड़ ऐलान कर रहे हैं। लेकिन मुफ्त की रेवड़ियों का सबसे ज्यादा शोर मध्य प्रदेश और राजस्थान में सुनाई दे रहा है। रेवड़ी कल्चर को सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर मुद्दा माना है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी मौसम के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहार का वादा एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें इलेक्शन के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सौगात का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। याचिका में चुनावी घोषणापत्र और उसमें किए गए वादों के लिए राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाने के लिए कहा गया है। चीफ जस्टिस एनवी रमना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा कि चुनाव के दौरान तर्कहीन मुफ्त सौगात देने का वादा करने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का विचार अलोकतांत्रिक है। पीठ की ओर से चीफ जस्टिस ने कहा कि मैं किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण रद्द करने के विषय में नहीं जाना चाहता क्योंकि यह एक अलोकतांत्रिक विचार है, आखिरकार हमारे यहां लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान तर्कहीन मुफ्त सौगात देने का वादा एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन वह इस संबंध में वैधानिक स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर भी विधायी क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि कोई नहीं कहता कि यह कोई मुद्दा नहीं है। यह एक गंभीर मुद्दा है। कुछ लोग जिन्हें यह मिल रहा है वह चाहते हैं कि मिलता रहे क्योंकि हमारा कल्याणकारी राज्य है। वहीं कुछ कह सकते हैं कि वे टैक्स का भुगतान कर रहे हैं और इसका उपयोग विकास के लिए किया जाना है। तो यह एक गंभीर मुद्दा है। मध्य प्रदेष विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी करने में भले ही कांग्रेस पिछड़ गई किंतु मतदाताओं के समक्ष वायदे परोसने के लिए वचन पत्र जारी करने में उसने बाजी मार ली। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी के ढेर सारे नेताओं की मौजूदगी में सरकार बनने पर समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाले कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा पेश किया। इस वचन पत्र में किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, श्रमिकों और पत्रकारों को दिल खोलकर उपकृत करने का वायदा किया गया है। इससे किसी को एतराज नहीं होगा क्योंकि कमोबेश भाजपा भी ऐसा ही कुछ घोषणापत्र लेकर आएगी।

## विचार

# लूट खसोट का केंद्र बनते निजी अस्पताल

**प्रियंका सौरभ**

**हमारे यहां सा**रे निजी अस्पतालों में सरकारी आदेशों की अनदेखी करना और मनमानी रकम वसूल करना एक आम सी बात है। शीर्ष सरकारी अफसरों और निजी अस्पतालों के मालिकों की सांठगांठ से सारे कायदे-कानून ताक पर रख दिए जाते है और जनता को भ्रमित करने के लिए नेताओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों की लूट खसोट का रोना शुरू कर दिया जाता है जबकि पक्ष-विपक्ष के नेताओं को अंदर का सारा खेल पता होता है। आरोप-प्रत्यारोप से असल मुद्दे को भटकाने की सस्ती राजनीति का ही परिणाम है जो आज निजी अस्पताल लूट खसोट का केंद्र है। सरकार अपनी चिकित्सा सेवाओं की बेहतरी के लिए हर बजट में करोड़ों रुपयों आवंटित करती है, फिर भी प्राइवेट अस्पतालों के आगे सरकारी अस्पताल उन्नीस ही दिखाई पड़ते है। अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता अमरीका के कैनेथ एरो ने 1963 में ही चेतावनी दे दी थी कि स्वास्थ्य सेवा को बाजार के हवाले कर देना आम लोगों के लिए घातक साबित होगा। इस चेतावनी का दुनियाभर में जो भी असर हुआ हो, लेकिन हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र उद्योग में तब्दील हो गया। यह क्या और कैसे-कैसे गुल खिला रहा है, इससे जुड़े समाचार आए दिन सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों का नहीं मिलना और जांच मशीनों का अभाव सामान्य बात है। इन सभी कारणों से मरीज निजी अस्पतालों में जाते हैं, जहां उनका आर्थिक शोषण किया जाता है। निजी अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज व सर्व सुविधा तत्काल नहीं मिलना भी इसका बहुत बड़ा कारण है। निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से तगड़ी फीस वसूली जाती है और मिल-बांटकर खाने के इस खेल में कई लोग शामिल होने से इस मनमानी पर रोक नहीं लग पाती है। बेचारा मरीज मजबूर है, क्योंकि उसे लगता है कि निजी अस्पतालों में ही सही इलाज होता है। निजी अस्पताल प्राइवेट कारपोरेट कंपनियों की तरह चलाए जा रहे हैं। समाज की सेवा करने के बजाय इनका मकसद सिर्फ मुनाफा कमाना है। निजी अस्पताल लाभ को महत्व देते हैं। आम तौर पर इनके मालिकों का प्रभावशाली नेताओं से सीधा संबंध होता है। ऐसे में ये बिना किसी डर के मनमाने तरीके से अस्पताल चलाते हैं। एक ओर सरकारी अस्पतालों की खस्ताहाल व्यवस्थाओं की तस्वीरें आती रहती है, वहीं दूसरी ओर निजी अस्पतालों के तथाकथित सर्वसुविधा युक्त व्यवस्थाओं के नाम पर लूट खसोट की कहानी भी रोज उजागर होती रहती है। निजी अस्पतालों में बेहतर इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली आम है। निजी अस्पताल सरकारी दांवपेच से बचना जानते हैं। समाज सेवा व सीएसआर के नाम पर दी जाने वाली राशि से ये अपनी छवि धूमिल होने से बचा लेते है। निजी अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगने का प्रमुख कारण सरकारी कारिंदों की मिलीभगत का होना है । रक्षक ही जब भक्षक बन जाते हैं तो सभी जनहित की योजनाओं का धरातल पर उतरना मुश्किल हो जाता है । चिरंजीवी योजना बेहतर योजना है किंतु निजी अस्पतालों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह भी कारगर नहीं हो पाएगी। निर्दोष जनता को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है।

जिस प्रकार डॉक्टर यूनियन या कर्मचारी यूनियन होती है, उसी प्रकार पेशेंट यूनियन दबाव समूह के रूप में बनाई जाए। इस यूनियन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो। इसके अलावा निजी अस्पतालों के खिलाफ अव्यवस्था व लापरवाही मिलने पर त्वरित कार्रवाई की कोशिश की जाए। लापरवाह डॉक्टर तथा स्टाफ के लाइसेंस जब्त होने चाहिए।

उनके नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि दूसरे भी सीख लें। निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की फीस भी निर्धारित की जानी चाहिए, वे कोई दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं। हालत यह है कि आजकल कुछ डॉक्टर तो तत्काल टिकट की तरह तत्काल मरीजों को देखने की तीन गुनी फीस लेते हैं। निजी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण भोजन के नाम पर मरीजों को बेवकूफ बनाया जाता है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# नई चीजें... नई ढंग से

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नेता जी** आप सामने बैठे हो इसलिए नहीं ना बोल रहे हैं, पर सच्चाई येई है कि हो तो आप पक्के पहुँचे आदमी। पढ़-लिख नहीं पाए तो क्या हुआ, ऊँच-नीच सब देखी है आपने, अच्छा-बुरा सब बराबर समझते हो, इसमें कोई शंका करे वो अपनी टांग तुड़वाए। पढ़ाई-लिखाई के भरोसे रहते तो आज कहीं ऑफिस में टेबल के नीचे हाथ पसारे बैठे होते तो अपनी जनता का क्या होता। सही वक्त पर स्कूल से भाग जाने का निर्णय आपकी दूरदृष्टि का सबूत है। जनता के भले के लिए कुछ करना पड़े, वो सब आपने किया है। राजनीति के आप माने हुए कीड़े हैं और अभी तक किसी माई के लाल ने वो पेस्टिसाइड बनाया नहीं जिसका आप पर असर हो। लोग आपको शोले का गब्बार अवतार यूं ही नहीं मानते हैं, कुछ तो होगा ना ! जब से लक्ष्मी भाभी को ब्याह के लाए हैं, बाकायदा आप ह्यलक्ष्मी के धनीह्न भी हैं, इसमें भी कोई संदेह करे वो मूरख। देश क्या दुनिया पे निगाह है आपकी, पांच दफे बैंकॉक और दो दफे स्विजरलैंड हो आए हैं। आपसे कोई कुछ छुपाना चाहे तो छुपा ही लेगा, ऐसा कम से कम हमें तो नहीं लगता। अच्छे से जानते हैं ना आपको इसीलिए इज्जत आपोआप दिल में उछालें मारने लगती हैं, वरना कोई किसी को आज फूटी आंख भी देखता है ! नहीं ना ? लेकिन होगा, हमें क्या, हमारे संस्कार कोई आज के हैं ! आपके दद्दा जब लूटमखोरी में फंसे थे तब हमारे दद्दा ने पूरे चौदह साल उनकी जै-जै करी थी, आपको तो पता ही है। पर अब तो खूब तरक्की हो गई है, लूटमखोरी खूब हो रही हैं पर फंसने का रिवाज खतम हो गया वरना हम भी अपना पुश्तैनी फर्ज अदा करते। तरक्की तो होनई चइये थी, नहीं होती तो आज जो देश चला रहे हैं उनमें से ज्यादातर कहीं चक्की पीस रहे होते तो अच्छा लगता क्या? एफडीआई से पूंजी जुटाई जा सकती है, नेता थोड़ी जुटा सकते हैं, वो भी देसी, गुलगुले और मुलायम, सही है ना नेता जी ? राजनीति खेल तो है पर बच्चों का नहीं, कि कोई मम्मी की अंगुली पकड़े आए और अंग-बंग चौक-चंग करने लगे मजे में। जब तक आप जैसा वीर न हो हम जैसों को वोटर से आगे कुछ बनने की सोचना भी खतरे से खाली नहीं है। तो बात ये थी नेता जी कि लोग कड़वी दवाई को लेकर अभी भी अटके पड़े हैं।

# परीक्षा के दौरान पढ़ाई में एकाग्रता कैसे सुधारें

**विजय गर्ग**

**परीक्षा** के दौरान विद्यार्थी की एकाग्रताः विद्यार्थी होना आसान नहीं है। परीक्षा में बेहतर स्कोर करने के लिए आपको विभिन्न विषयों की अवधारणाओं को पढ़ना और याद रखना होगा। छात्रों को पढ़ाई के दौरान उनकी एकाग्रता और फोकस को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए हमने यह लेख बनाया है। यहां आपको परीक्षा के दौरान फोकस और एकाग्रता बढ़ाने के 10 प्राकृतिक तरीके मिलेंगे। आप भी एकाग्रता बढ़ाने और अपनी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए इन टिप्स को अपना सकते हैं।

**विद्यार्थियों को कक्षा में ध्यान केंद्रित करने में मदद करने की रणनीतियाँ**

**1. एक दिनचर्या स्थापित करें**

मनुष्य को सबसे पहली चीज जो करनी चाहिए वह है एक दिनचर्या विकसित करना और उसका पालन करना। इस दिनचर्या में पढ़ाई, ब्रेक, भोजन और नींद के लिए समय आवंटन शामिल होना चाहिए। यह शरीर की आंतरिक घड़ी को विकसित और नियंत्रित करता है, जिससे आपके लिए अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आसान हो जाएगा।

2. डिजिटल विकर्षणों को प्रबंधित करें

आजकल, डिजिटल गैजेट बच्चों और छात्रों के लिए ध्यान भटकाने का एक प्रमुख स्त्रोत हैं। प्रारंभ में, माता-पिता अपने बच्चों का ध्यान भटकाने और उनके लिए कुछ समय निकालने के लिए इनका उपयोग करते हैं। लेकिन, समय के साथ, यह विकर्षण एक गंभीर समस्या बन गया। इस प्रकार, छात्रों को यह समझना चाहिए कि यदि इनका अधिक उपयोग किया जाए तो ये गैजेट उनकी उत्पादकता को खत्म कर देंगे। इसलिए पढ़ाई के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल न करने की आदत विकसित करें।

**3. कार्यों को प्रबंधनीय भागों में बाँटें**

यदि आपको लगता है कि पाठ्यक्रम बहुत बड़ा है, जो आपको चिंता देता है, तो अध्ययन सामग्री को छोटे और अधिक प्रबंधनीय खंडों में तोड़ दें। यह एक समय में एक कदम उठाकर सीढ़ी पर चढ़ने जैसा है। यह बोझ से बचाता है और एक समय में एक कार्य पर ध्यान केंद्रित करना आसान बनाता है। आपने देखा होगा कि जब आप अपने फोन को घंटों तक इस्तेमाल करते हैं तो वह गर्म हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### ब्रेक्स इंडिया यात्रा को कन्याकुमारी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**नई दिल्ली।** देश में ब्रेकिंग सिस्टम का निर्माण और इसकी आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी, ब्रेक्स इंडिया ने आफ्टरमार्केट सेगमेंट में अपनी पहचान बनाई है, जिसने देश भर के ग्राहकों से जुड़ाव के लिए आज अपने पहले कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई, जिसके तहत 13 राज्यों के 90 शहरों में



17,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की जाएगी। ऑटो गैरेज और रिटेलर्स के बीच अव्वल दर्जे की आफ्टरमार्केट सेवाओं, प्रोडक्ट्स की समय पर उपलब्धता, असली एवं ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की जरूरत और इसी तरह की बहुत सी बातों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के सरल उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर फ्रिक्शन एवं आफ्टरमार्केट बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सुजीत नायक ने कहा, "ब्रेक्स इंडिया यात्रा हमारे मोबाइल ट्रेनिंग सेंटर का विस्तार है, और यह हमारी ओर से पूरे भारत में सीधे तौर पर मार्केटिंग के लिए शुरू की गई सबसे बड़ी पहल है। इस मुहिम के तहत हमारे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले असली कल–पुर्जों और फ्लूड्स के बारे में जानकारी से हमारे मूल्यवान ग्राहकों को काफी फायदा मिलेगा। 5 साल पहले गैरेज के लिए अपने मोबाइल ट्रेनिंग सेंटर के साथ हमने अपने सफर की शुरूआत की थी, जिसके तहत मैकेनिकों को उनके दरवाजे पर ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### टाटा स्टील पीजीटीआई हरियाणा ओपन में दूसरे दौर के बाद अभिनव और जयराज सिंह संधू को बढ़त

**चंडीगढ़/पंचकुला,** पंचकुला गोल्फ कल्ब में खेली जा रही एक करोड़ रुपये की ईनामी राशि वाली पीजीटीआई – ह्यवंडर सीमेंट हरियाणा ओपन 2023ह्व के दूसरे दिन के खेल के बाद हरियाणा के गोल्फर अभिनव लोहान ने 4 अंडर 68 स्कोर के साथ दूसरे दौर के बाद चंडीगढ़ के जयराज सिंह संधू 3 अंडर 69 के साथ संयुक्त बढ़त प्राप्त कर ली है। अभिनव (67–69) और बायें हाथ के गोल्फर जयराज (66–69) जिन्होंनें पहले दौर में भी बढ़त कायम की हुई थी, 9–अंडर 135 के एक समान कुल योग के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फ खिलाड़ी अक्षय शर्मा ने लगातार दूसरी बार 68 के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 8 अंडर 136 के साथ तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। जयराज और अक्षय के अलावा, टॉप 10 में ट्राइसिटी के अन्य गोल्फर्स में अंगद चीमा भी हैं, जिन्होंनें दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 के साथ 7 अंडर 137 कायम रखकर संयुक्त चौथे स्थान पर जगह बनाई है। टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर ओम प्रकाश चौहान भी 66 के स्कोर के साथ संयुक्त रुप से चौथे स्थान पर बरकरार हैं। 53 प्रोफेशनल्स जबकि दो एम्योच्योर गोल्फर्स ने कट हासिल किया जिसमें पंचकुला के अभिषेक कुमार कट प्राप्त करने वाले दो एम्योच्योर गोल्फर्स में से एक थे। अभिनव जो पहले दौर के बाद संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर थे, गुरुवार को अपने छह बर्डीज और दो बोगी के चलते एक स्थान उपर आ गये हैं। 2022 के नेशनल गेम्स में व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा के लिये रजत पदक विजेता अभिनव ने अपने दिन की शुरूआत पहले तीन होल में बर्डी के साथ की, जहां उन्होंने 20 फीट और दो 10 फीट के होल लगाये।

### शिंडलर इंडिया और टाइम्स ओओएच इन–लिफ्ट एडवरटाइजिंग लैंडस्केप को फिर से परिभाषित करने के लिए हुए एकजुट

**नई दिल्ली।** शिंडलर इंडिया ने इन–लिफ्ट एडवरटाइजिंग को फिर से नया रूप देने के लिए टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, भारत की अग्रणी आउटडोर एडवरटाइजिंग कंपनी, टाइम्स इनोवेटिव मीडिया लिमिटेड (टाइम्स ओओएच) के साथ हाथ मिलाया है। इंडस्ट्री लीडर्स के बीच यह पार्टनरशिप ब्रांड्स को स्ट्रैटेजिकली रूप से तैनात इन–लिफ्ट 24७7 कनेक्टेड स्क्रीन के माध्यम से अपने मैसेज, ऑफरिंग्स और विज्ञापनों को बिना किसी परेशानी के लोगों तक पहुंचाने में सशक्त बनाएगी। ये स्क्रीन आवासीय कंडोमिनियम, घरों और कॉर्पोरेट परिसरों के भीतर कैप्टिव ऑडियंस के साथ लिफ्ट में रियल टाइम बातचीत का अवसर प्रदान करती हैं। मुंबई, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई, एनसीआर, कोलकाता और अहमदाबाद सहित प्रमुख शहरों में अनुमानित दैनिक पहुंच 1 मिलियन से अधिक इंप्रेशन है। इस स्ट्रैटेजिक कोलैब्रेशन पर टिप्पणी करते हुए, शिंडलर इंडिया के सीईओ श्री नितिन चालके ने कहा, "हमारे एलिवेटर कम्युनिकेशन प्लेटफार्मों और चैनलों में विकसित हो रहे हैं जिन्हें एक ही सोर्स से सर्विस और मैनेज किया जा सकता है।, जिससे हमें यात्रियों के साथ शानदार मनोरंजन और आवश्यक जानकारी शेयर करने का मौका मिलता है।

# विधायक बड़ौली ने सुनी लोगों की समस्याएं

## गरीब का हक गरीब तक पहुंचाना भाजपा सरकार का पहला काम: विधायक बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राई से विधायक मोहनलाल बडौली ने वीरवार को गन्नौर विधानसभा के दातोली,बाय,आहुलाना,अगवानपुर व भोगीपुर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लोगों की समस्याएं सुनने और उनका मौके पर ही समाधान करने की नई पहल शुरू की है, जिसके तहत सांसद, विधायक व स्वयं मुख्यमंत्री प्रत्येक गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनते है और मौके पर उनका समाधान करते हैं। ताकि लोगों को समस्याएं



लेकर कहीं चक्कर न काटने पड़े। इसी कड़ी में गन्नौर विधानसभा के गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के सामने तालाबों के सौंदर्यकरण, बिजली के पोल हटवाने या अन्य कार्य, चौपाल निर्माण व रिपेयरिंग कार्य, गलियों को पक्का करवाने, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, पेंशन से संबंधित, शमशान शैड बनवाने, पार्क का निर्माण, ओपन जिम बनवाने, स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, पीने की पानी की व्यवस्था, गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था जैसे समस्याएं रखी, जिसपर कार्यवाही करते हुए विधायक ने तुरंत उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए इन सभी कार्यों के लिए पंचायत से रेजुलेशन लेकर तुरंत इन कार्यों पर कार्य शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान चिरायु व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के लिए जल्द आपके गांवों में कैंप आयोजित करवाएं जाएंगे। विधायक ने कहा कि प्रदेश के हर गरीब का हक गरीब तक पहुंचाना भाजपा सरकार का पहला काम है इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने अपने विधायकों को गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भेजा ताकि कोई भी गरीब व पात्र व्यक्ति सरकार योजनाओं के लाभ से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं का पात्र लोगों को घर पर बैठे फायदा मिले इसीलिए मुख्यमंत्री ने हरियाणा में परिवार पहचान पत्र की शुरूआत की। परिवार पहचान पत्र में परिवार के सभी व्यक्तियों को डाटा अपलोड किया गया है, जिसकी मदद से पात्र होने पर परिवार को घर बैठे सरकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है।

वर्तमान समय में पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान चिरायु कार्ड, पीला कार्ड जैसे सभी कार्य परिवार पहचान पत्र की मदद से आसानी से पूरे हो रहे हैं।

## छात्राओं को बांटी गई साइकिलें, पचौली की संस्थापक डॉ. प्रीति सेठ पंख में सम्मानित अतिथि के रूप में रही उपस्थित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद।**
**नवरात्र में** दुर्गाष्टमी के दिन रोटरी क्लब की ओर से शनिवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन हाल में 'पंख' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जरूरतमंद छात्राओं को 1000 साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में फरीदाबाद एनआईटी के अध्यक्ष रोटेरियन वींरेंद्र मेहता और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने नरेंद्र गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उद्यमी और पचौली एस्थेटिक्स एंड वेलनेस की संस्थापक और संरक्षक डॉ. प्रीति सेठ भी मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ. सेठ ने उस्ताद इकबाल की गहन पंक्तियाँ पढ़ीं, उन्होंने सभी लड़कियों से कहा आकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं है, आकाश क्षितिज अनंत और असीम



है सभी लड़कियों पढ़ लिखकर आसमान की खूब ऊंचाइयों को छुए। डॉ. सेठ ने इस तरह के प्रभावशाली आयोजनों का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह कार्यक्रम जिला गवर्नर रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व और प्रथम महिला पीपी रोटेरियन डॉ. दीप्ति गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में 20 से अधिक सहायक रोटरी क्लबों और 8 समर्पित रोटेरियनों द्वारा किया गया एक सामूहिक प्रयास था।

## सेवा पखवाड़ा मे विभाग ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**कैलाना गांव** में सेवा पखवाडा आयुष विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया । जिसमें गांव के 123 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई सीवर का उद्घाटन गांव की सरपंच ज्योति ने किया। कैंप में डा. पूनम नैन, डॉ रजनीश कुमार, फार्मासिस्ट सुनील कुमार ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके अलावा योग सहायक अमन व कविता ने ग्रामीणों को योग करने के प्रति जागरूक किया । योग सहायक अमन ने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है इसलिए हमें प्रतिदिन योग जरूर करना चाहिए।

## ढाणी बाठोठा में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** बागवानी विभाग की ओर से किसानों को बागवानी स्कीमों के बारे में जानकारी देने के लिए आज गांव ढाणी बाठोठा में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सेमिनार में लगभग 250 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया।
एडीसी ने कहा कि बागवानी विभाग विभिन्न स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए भरसक प्रयासरत है। किसानों को अधिक से अधिक बागवानी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग की स्कीमों का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**सीआईए टू** पुलिस ने सेक्टर 24 उग्राखेड़ी रोड पर अवैध देसी पिस्तौल सहित नाबालिग आरोपी को काबू किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 24 उग्राखेड़ी रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक उग्राखेड़ी गांव की तरफ से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा।

**काबू किया**

**8 टीम को इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक उग्राखेड़ी गांव की तरफ से पैदल आते हुए दिखाई दिया।**

पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान नाबालिग के रूप में बताई।
तलाशी लेने पर नाबालिग आरोपी की पेंट की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलौड मिला। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर डिटेन किया तो आरोपी ने बताया उसने दोस्तों में रौब जमाने के लिए उक्त देसी पिस्तौल करीब 4 महीने पहले विद्यानंद कालोनी में मिले एक अज्ञात युवक से 7 हजार रूपए में खरीदा था। डिटेन के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसकी बेल हो गई।

# शिव गहलावत, प्रतिमा, कुमकुम एवं मोहिनी ने जीती एचआर प्रतिस्पर्धा

## पाइट में प्रदेशस्तरीय आयोजन, लक्ष्य पर फोकस रहने के लिए प्रेरित किया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**
**लक्ष्य अगर** तय कर लिया जाए और उसी पर काम हो तो सफलता मिलनी निश्चित है। टेक्नॉलोजी की वजह से निश्चित रूप से बदलाव हो रहे हैं। अगर हम इन बदलावों के अनुरूप खुद को ढालेंगे तो न केवल रोजगार के अवसर बढ़ा सकेंगे, बल्कि देश को भी आगे ले जाएंगे। यह बात निकलकर आई प्रदेशस्तरीय एचआर मीट प्रतिस्पर्धा में। पाइट में हरियाणा के प्रमुख कॉलेजों एवं यूनिवर्सिटी से सौ से अधिक



छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पाइट के शिव गहलावत, प्रतिमा ने श्रेष्ठ प्रस्तुतिकर्ता, एमडीयू की कुमकुम ने पैनल डिस्कशन एवं मोहिनी को बेस्ट मॉडरेटर चुना गया।
मैनेजमेंट स्टडी विभाग की ओर से आयोजित प्रतिस्पर्धा में केंड्रिल सॉल्यूशन कंपनी के निदेशक डॉ.अशोक सांगवान, एमआरआइयू से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.उर्वशी शर्मा, हैमर से एचआर हेड जाह्नवी पुरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिस्पर्धा की कन्वीनर रहीं डॉ.नवीता एवं डॉ.प्रीति गुगनानी।
डॉ.उर्वशी शर्मा ने कहा कि जो हम ठान लेते हैं, वो हमें अवश्य मिलता है। यह मत सोचिए कि मैं ये काम कर नहीं कर सकूंगा। अगर आप पहले ही हार मान लेंगे तो मंजिल कभी हासिल नहीं कर सकेंगे। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि हमारा मुकाबला खुद से होना चाहिए। लेकिन यह भी मत सोचें कि काम केवल आप ही कर सकते हैं। टीम मैनेजमेंट बेहद आवश्यक है। जब हम राफ्टिंग करते हैं तो अपने कैप्टन के निर्देश का पालन करते हैं। तब हम सफल भी होते हैं। बोर्ड सदस्य शुभम तायल, विभाग अध्यक्ष डॉ.अखिलेश मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।

## होनासा कंज्यूमर लिमिटेड का आई पी ओ 31 अक्टूबर, 2023 को खुलेगा



**नोएडा।** होनासा कंज्यूमर लिमिटेड (एचसीएल या कंपनी), मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023 को होनासा कंज्यूमर लिमिटेड (कंपनी या जारीकर्ता) के 10 प्रत्येक (इक्विटी शेयर) के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव करती है। कंपनी ने क्यू1 –एफ वाई 2024 में 24.71 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में कंपनी को 11.52 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था और वित्त वर्ष 2023 में 151 करोड़. रुपये का नेट लॉस हुआ था। लागत दक्षता निर्धारित होने के साथ कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 17.03% का ग्रोस प्रॉफिट मार्जिन अर्जित किया है। बिजनेस मॉडल दक्षता और ऑपरेटिंग लीवरेज सेटिंग के साथ कंपनी लाभप्रदता में वृद्धि के शिखर पर है। कुल ऑफर में 365 करोड़ रुपये तक के नए इश्यू और शेयरधारकों द्वारा 41,248,162 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है (कुल ऑफर साइज)। ओएफएस में शेयरों की पेशकश करने वालों में प्रमोटर और संस्थापक – वरुण अलघ और गजल अलघ – और फायरसाइड वेंचर्स फंड, सोफिना, स्टेलारिस, कुणाल बहल, रोहित कुमार बंसल, ऋषभ हर्ष मारीवाला और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा जैसे निवेशक शामिल हैं।
यह ऑफर गुरुवार, 2 नवंबर, 2023 को बंद हो जाएगा। ऑफर का प्राइस बैंड 308 से 324 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 46 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 46 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। कर्मचारी आरक्षण के तहत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपये की छूट की पेशकश की जा रही है।

## नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। यादव** धर्मशाला के मुख्य सभागार में यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव की अध्यक्षता में यदुवंशी अस्पताल रेवाड़ी एवं यादव सभा महेंद्रगढ़ के सौजन्य से नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की यह शिविर पहले की तरह प्रत्येक गुरुवार को सांय 3 बजे से 5 बजे तक लगाया जा रहा है।

यदुवंशी अस्पताल रेवाड़ी के हृदय रोग विशेषज्ञ (गोल्ड मेडलिस्ट) डॉक्टर सुप्रतिक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व उनके सहयोगी मनजीत यादव ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी,वजन इत्यादि की जांच की इसके पश्चात डॉक्टर सुप्रतिक्ष यादव ने 19 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

## समाजसेवा मेरा लक्ष्य, इसी राह पर चलता रहूंगा: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**शहर की** तर्ज पर अब गांवों में ई-रिक्शा के जरिये घरों से कूड़ा उठाया जाएगा। इसके लिए स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम के तहत देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने इसकी शुरूआत की हुई है। जिन गांवों में ई-रिक्शा दी जा चुकी है वहां पर घर-घर से कूड़ा उठान का काम शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को हलके के शाहजादपुर व सांदल खुर्द गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देवा



सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने इन दोनों ग्राम पंचायत को ई-ऑटो रिक्शा भेंट कर सफाई कर्मियों को चाबी सौंपी दी है। इससे पहले ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाजसेवा मेरा लक्ष्य है इसी राह पर चलता रहूंगा। समाज में विकास के लिए कुछ अलग से करने को लेकर उनकी संस्था निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मान देकर उनका हौसला बढ़ाया जा रहा है ताकि उनसे दूसरे युवा भी उनसे प्रेरित हो सके।
कादियान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव को स्वच्छ बनाने को लेकर ई-रिक्शा वितरित की गई है, ग्रामीण अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा इसमें डालकर फायदा उठा सकते है। गांव साफ-सुथरा होगा तो बीमारियों से भी बचाव रहेगा।

# विधायक ने सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया

## विधायक निर्मल चौधरी जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**
**जनसंवाद कार्यक्रम** के अंतर्गत गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने राई विधानसभा के गांव गढ़ी बाला, माल्हा माजरा, नाहरा, खेड़ी मनाजात और बढ़मलिक में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। विधायक ने कहा कि पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान चिरायु व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के लिए जल्द आपके गांवों में कैंप आयोजित करवाएं जाएंगे। प्रदेश के हर गरीब का हक गरीब तक पहुंचाना भाजपा सरकार का पहला काम है



इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने अपने विधायकों को गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भेजा, ताकि कोई भी गरीब व पात्र व्यक्ति सरकार योजनाओं के लाभ से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं का पात्र लोगों को घर पर बैठे फायदा मिले इसीलिए

**जनसंवाद**

**8 योजनाओं से संबंधित समस्याओं के लिए जल्द आपके गांवों में कैंप आयोजित करवाएं जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने हरियाणा में परिवार पहचान पत्र की शुरूआत की। वर्तमान समय में पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान चिरायु कार्ड, पीला कार्ड जैसे सभी कार्य परिवार पहचान पत्र की मदद से आसानी से पूरे हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि आज हर गरीब को मुफ्त में राशन मुहैया करवाया जा रहा है। इर पात्र व्यक्ति को आयुष्मान चिरायु योजना से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज करवाने की सुविधा दी गई है।विधायक के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे । इस पर वरिष्ठ भाजपा नेता ललित बत्रा, जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत त्यागी राई, गढ़ी बाला सरपंच प्रियंका, माल्हा माजरा सरपंच सुमन देवी, नाहरा सरपंच उमेश दहिया, खेड़ी मनाजात से रीना, बढ़मलिक सरपंच सरिता देवी , मनोज (नाहरा), रामकुमार धनखड़ आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खेलों में सनराइज इंटरनेशनल स्कूल के एशियन स्विमिंग एकेडमी हरियाणा से अवतंश का चयन

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**
**हरियाणा राज्य** के तैराक नेशनल गेम्स, गोवा जाने के लिए तैयार है। भारत का ओलिंपिक कहे जाने वाले नेशनल गेम्स में भाग लेने का हर खिलाड़ी का सपना होता है। सोनीपत स्थित सनराइज इंटरनेशनल स्कूल के एशियन स्विमिंग अकैडमी से अवतंश शर्मा का खेलों में वॉटर पोलो टीम में



चयनित हुआ है। वह एकेडमी में प्रैक्टिस कर रहे हैं। एकेडमी के संचालक, दीपक कुमार सिंह (पूर्व डिप्यूटी कमांडेंट, अंतरराष्ट्रीय तैराक) ने अवतंश को बधाई देते हुए अपने प्रदेश का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। दीपक कुमार सिंह ने बताया कि तैराकी टीम कल सुबह यहां से गोवा के लिए रवाना हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उनकी अकादमी के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिता में पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन कर चुके हैं।

## पैट कमिंस बोले- हम लय में, अब New Zealand के खिलाफ मैच का इंतजार

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि 5 बार की चैम्पियन टीम धीरे-धीरे लय में आ रही है और अब विश्व कप में अपनी क्षमता के अनुरूप खेलना शुरू कर दिया है। विश्व कप में भारत और दक्षिण अफ्रीका से पहले दो मैच हार चुकी आस्ट्रेलियाई टीम ने इसके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया। नीदरलैंड को 309 रन से हराने के बाद कमिंस ने कहा कि यह पूरा मुकम्मिल खेल था। मैं बहुत खुश हूं। हम अपनी क्षमता के अनुरूप खेलना शुरू कर चुके हैं। एक बार फिर बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सिर्फ 40 गेंद में शतक जमाकर नया रिकॉर्ड बनाने वाले ग्लेन मैक्सवेल के बारे में उन्होंने कहा कि यह जबर्दस्त पारी थी। अब आस्ट्रेलिया का सामना 28 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से होगा। कमिंस ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम अच्छी है। वह धर्मशाला में पहले खेल चुके हैं। यह विश्व कप का मैच है और हमें इसका बेताबी से इंतजार है।



प्लेयर आफ द मैच मैक्सवेल ने कहा कि इस पारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मैच के हालात के अनुरूप खेलता चला गया। कुछ सोचकर नहीं उतरा था। कुछ फैसले अच्छे रहे। खुद को समय दिया और आत्मविश्वास मिला। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा कि उनके गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया की टीम बहुत अच्छी है। हमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था लेकिन गेंदबाज नहीं कर सके। आस्ट्रेलिया को जीत का पूरा श्रेय जाता है।

## सचिन खिलारी ने गोला फेंक -एफ46 में स्वर्ण पदक जीता, रोहित को कांस्य

**हांगझोउ ।** चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के सचिन खिलारी ने पुरुषों के गोला फेंक -एफ 46 में स्पर्धा में स्वर्ण पदक वहीं इस स्पर्धा के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोहित ने कांस्य पदक जीता। यहां हुए मुकाबलों में सचिन खिलारी ने पुरुषों के शॉट पुट-एफ46 में 16.03 के विशाल थ्रो के साथ रिकाड 'बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता वहीं रोहित ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में 14.56 के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं



एक अन्य मुकाबले में पैरा एथलीट नारायण ने पुरुषों की 100 मीटर टी-35 दौड़ में 14.37 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

एशियन पैरा खेल 2022 में यह उनका दूसरा पदक है। सुकांत कदम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पुरुष बैडमिंटन एकल एसएल-4 में कांस्य पदक हासिल किया। श्रेयांश त्रिवेदी ने पुरुषों की 100 मीटर टी-37 दौड़ में 12.24 सेकंड के उल्लेखनीय समय के साथ कांस्य पदक जीता है। श्रेयांश इन खेलों में अपना दूसरा पदक जीता है।

## पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हालेप ने डोपिंग प्रतिबंध के खिलाफ अपील की



**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने खेल पंचाट में अपील करके डोपिंग उल्लंघन के कारण उन पर लगे चार साल के प्रतिबंध को हटाने की अपील की है। खेल पंचाट ने कहा कि उसने सितंबर में अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए)के फैसले के खिलाफ दुनिया की पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हालेप की अपील पंजीकृत कर ली है। आईटीआईए ने 2022 अमेरिकी ओपन के दौरान डोप परीक्षण में विफल रहने और खिलाड़ी जैविक पासपोर्ट में अनियमितताओं के बाद कहा था कि हालेप ने 'जानबूझकर डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन' किया है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना मेरा सपना : दीपाली घुरसाले

**पणजी।** गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में महाराष्ट्र की भारोत्तोलक दीपाली घुरसाले ने बुधवार को महिलाओं की 45 किलोग्राम में स्नैच और कुलभार वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। घुरसाले ने स्नैच में 75 और क्लीन एंड जर्क में 90 किग्रा सहित कुल 165 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

पश्चिम बंगाल की चंद्रिका तरफदार ने स्नैच में 67 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 95 किग्रा सहित कुल 162 किलोग्राम भार के साथ रजत पदक जीता। चंद्रिका युवा विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने सितंबर 2019 में स्लोवाकिया में कुल 129 किग्रा भार के साथ कांस्य पदक जीता था। तेलंगाना की टी प्रिया प्रियदर्शिनी ने स्नैच में 69 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 92 किग्रा सहित कुल 161 किलोग्राम भार वर्ग के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक



जीतने के बाद दीपाली का लक्ष्य अब अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गोल्ड मेडल दिलाना हैं। उन्होंने स्वर्ण जीतने के बाद कहा, मीरा दीदी (मीराबाई चानू) मेरी आदर्श हैं और मैं भी उनकी तरह ही भारत के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं।

दीपाली पहली बार राष्ट्रीय खेलों में पहली बार भाग ले रही थी और उन्होंने अपने प्रयास में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। उन्होंने आगे कहा, यह मेरा पहला राष्ट्रीय खेल है और मैंने पहली बार में ही गोल्ड मेडल जीता और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।

युवा भारोत्तोलक आगे बताती हैं कि वह महाराष्ट्र के सांगली जिले से आती है। आठवीं कक्षा से ही भारोत्तोलन शुरू करने वाली दीपाली ने कहा कि यहां तक पहुंचने में उनके परिवार वालों ने उनकी काफी मदद की है। उन्होंने कहा, ' खेल को लेकर मेरे परिवार वालों ने हमेशा मुझे बहुत सपोर्ट किया है। स्कूल में भी हमारे कोच ने हमें काफी अच्छी ट्रेनिंग दी और यही कारण है कि मैं आज मैं स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। पिछले 13 सालों से भारोत्तोलन कर रही दीपाली ने जूनियर स्तर पर अब तक तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता के पीछे की कहानी कड़ी मेहनत, बैलेंस और अपने आदर्श मीराबाई चानू को बताती हैं। यह पूछने पर की आप मोटिवेट रहने के लिए क्या करती हो, उन्होंने कहा, मैं अपने से ही मुकाबला करती हूं। अपने खेल में अधिक से अधिक सुधार लाने की कोशिश करती हूं। मैं कभी भी नेगेटिव नहीं सोचती हूं। शायद यही वजह है कि मैं आज अच्छा कर पाई हूं। उन्होंने कहा, 'मैं अब मीरा दीदी की तरह ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहती हूं और यही मेरा सपना है।'

## ऑस्ट्रेलिया से शर्मनाक हार के बाद नीदरलैंड को जोरदार वापसी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड को आईसीसी विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 309 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा लेकिन उनके कोच रयान कुक को उम्मीद है कि टीम आगामी मैचों में वापसी कर सेमीफाइनल में जगह बनाने के अपने सपने के करीब पहुंचने के लिए जोर लगाएगी। कुक ने कहा, 'हम अब जिस टीम के खिलाफ भी खेलेंगे उसका सामना डट कर करेंगे। हमारे चार मैच बचे हुए है। और हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक जीत दर्ज करने का होगा। उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट से पहले हमने कहा था कि हम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जोर लगाएंगे। यह अब मुश्किल लग रहा है लेकिन हम जिन टीमों के खिलाफ भी खेलेंगे, उनके खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर हम कुछ जीत हासिल करने में सफल रहे उसके (सेमीफाइनल) करीब पहुंच सकते हैं। हम ऐसा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

कुक ने कहा कि किसी भी मैदान पर 400 रन के लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल है लेकिन हमारी योजना पूरी तरह से विफल रही और हम बल्लेबाजी करते समय आधे ओवर भी नहीं खेल पाए। उन्होंने कहा, 'जाहिर है, किसी भी मैदान पर 400 रन का पीछा करना आसान नहीं है। हमने पहले भी कुछ बड़े स्कोर का पीछा किया है, इसलिए हमने इसके लेकर योजना बनाई थी। हम इस तरह की चीजों के लिए अभ्यास करते है। कुक ने कहा, 'हमने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। हमारा लक्ष्य 30 ओवर में ऑस्ट्रेलिया से आधा रन बनाकर आखिरी ओवरों में जोर लगाने का था लेकिन हम आधे ओवर भी बल्लेबाजी नहीं कर सके। ऐसे में योजना कारगर नहीं रही। उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने बेहद खराब प्रदर्शन किया और वे खुद भी इससे काफी निराश होंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ड्रेसिंग रूम में सब बहुत निराश होंगे। हमने मैच से पहले अच्छी योजना बनाई थी लेकिन हम अपनी योजनाओं को उस तरह से क्रियान्वित नहीं कर पाए। इस मुकाबले में हमने वह संघर्ष भी नहीं दिखाया जो पिछले कई मैचों में हमने किया है। हमें ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम से प्रतिस्पर्धा के लिए लंबे समय तक बेहतर क्रिकेट खेलने की जरूरत है।

## ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रन से हराया, दर्ज की विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के 24वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को खेले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 21 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 309 रनों के बड़े अंतर यह मुकाबला अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने रनों के मामले में विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल की।

400 रनों के पहाड़ से स्कोर का पीछा करने उतरी नीदरलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडौड और विक्रमजीत सिंह जल्दी पवेलियन लौट गए। ओडौड ने 6 और विक्रमजीत ने 25 रन बनाए। इसके बाद



नीदरलैंड का तीसरा विकेट कॉलिन एकरमैन के रूप में गिरा। एकरमैन ने 10 रन बनाए। फिर 11वें ओवर में नीदरलैंड का चौथा विकेट गिरा। बास डी लीडे 4 रन बनाकर आउट हुए। पांचवें विकेट के रूप में साइब्रैंड एंगेलब्रेक्ट 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नीदरलैंड के विकेट एक के बाद एक गिरते रहे। पूरी टीम 21 ओवर में 90 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने 4 विकेट, मिचेल मार्श ने 2 विकेट और पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 399 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल ने शतक लगाया। वॉर्नर ने 93 गेंद पर 104 रन की बेहतरीन पारी खेली। यह वॉर्नर का इस विश्व कप में दूसरा शतक है। वहीं मैक्सवेल ने 44 गेंद पर 106 रन बनाए। मैक्सवेल ने 40 गेंद पर ही शतक पूरा कर लिया। इससे वह सबसे कम गेंदों पर विश्व कप में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। वॉर्नर और मैक्सवेल के अलावा स्टीव स्मिथ ने 68 गेंद में 71 और मार्नश लाबुशेन ने 47 गेंद में 62 रन बनाए।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए अमोल मजूमदार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अमोल मजूमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

घरेलू दिग्गज मजूमदार ने अपने 21 साल के प्रभावशाली करियर के दौरान 171 मैचों में 30 शतकों सहित 11,000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। उन्होंने 100 से अधिक लिस्ट ए गेम्स और 14 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया। उन्होंने मुंबई के साथ कई रणजी ट्रॉफी खिताब जीते और बाद में असम और आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अमोल मजूमदार की नियुक्ति का स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनके कार्यकाल में टीम आगे बढ़ती रहेगी और खेल के विभिन्न प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। टीम ने द्विपक्षीय और बहु-राष्ट्रीय आयोजनों में



लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, और मुझे यकीन है कि मजूमदार के मार्गदर्शन और रोडमैप के तहत हमारे खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, मैं हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की पहचान करने के लिए गहन मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया आयोजित करने के लिए क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को धन्यवाद देता हूं और मैं अमोल मजूमदार को उनकी नियुक्ति पर बधाई देता हूं। उनके पास प्रचुर ज्ञान और विशेषज्ञता है और आधुनिक खेल की गहरी समझ है। बीसीसीआई महिला क्रिकेट के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और टीम को मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक माहौल प्रदान करना जारी रखेगा। बोर्ड मजूमदार का पूरा समर्थन करेगा और हमारे खिलाड़ियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेगा।'

# लीजेंड्स लीग क्रिकेटः रांची में उद्घाटन मैच 18 नवंबर को

**रांची।** राजधानी में जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 18 नवंबर को लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन का पहला और उद्घाटन मैच खेला जायेगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट-2023 सीजन के पूरा शेड्यूल और फिक्स्चर की घोषणा किए जाने के बाद यह तय हुआ है। 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक देश के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, वाइजैग और सूरत में मैच खेल जाने का कार्यक्रम बना है। इस साल लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमें खेलेंगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने एलएलसी के लिए पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर के एक्सक्लूसिव टिकेटिंग पार्टनर बनने की भी घोषणा की गई है। टूर्नामेंट के टिकट जल्द ही पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से खरीदे जा सकेंगे। एलएलसी का उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच शाम सात बजे से शुरू होगा। टूर्नामेंट के इस पहले मैच में टीम इंडिया के पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और टीम इंडिया के पूर्व सदस्य इरफान पठान (भीलवाड़ा किंग्स) बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे। दूसरा मैच 20 नवंबर को मणिपाल टाइगर्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच खेला जायेगा। 21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा। 22 नवंबर को भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स और 23 नवंबर को इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेले जायेंगे। रांची में कुल पांच मैच खेले जाने हैं। इस लीग के लिए 22 दिनों में कुल 19 मैच खेले जाएंगे। चूंकि, एलएलसी में एक साथ कई लीजेंड्स खेलते हुए अपना क्लास दिखाएंगे, ऐसे में इसे लेकर रोमांच शुरू है। इसमें गौतम गंभीर, मोहम्मद कैफ, हरभजन सिंह समेत इरफान पठान, यूसुफ पठान, तिलकरत्ना दिलशान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, केविन ओब्रायन, दिलहार फरनाडो, हाशिम आमला, केविन पीटरसन, मुनाफ पटेल, रोबिन उथप्पा, अरोन फिंच, अशोक डिंडा, रोस टेलर, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, प्रज्ञान ओझा समेत कई जाने-माने चेहरे खेलते नजर आएंगे। रांची के बाद 24 नवंबर को देहरादून में मैच होंगे। यह मुकाबला भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स के बीच होगा। जम्मू में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक चार मैच खेले जाएंगे। विशाखपत्तनम में दो दिसंबर से चारदिसंबर तक तीन मैच खेले जाएंगे।

# राष्ट्रीय खेल भारोत्तोलनः दीपाली गुरसाले और प्रशांत कोली ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए जीता स्वर्ण

**पणजी।** महाराष्ट्र की दीपाली गुरसाले ने यहाँ गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन में महिलाओं के 45 किलोग्राम वर्ग में स्नैच और टोटल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि सर्विसेज स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (एसएससीबी) के प्रशांत कोली ने पुरुषों के 55 किलोग्राम वर्ग में स्नैच राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

भारोत्तोलन यहां कैम्पल स्पोर्ट्स विलेज, पंजिम में खेला जा रहा है। चंद्रिका तरफदार ने 45 किलोग्राम वर्ग में क्लीन एंड जर्क राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक हासिल किया। तेलंगाना की टी. प्रिया दर्शिनी ने कांस्य पदक हासिल किया। दीपाली ने कोमल कोहर का 74 किलोग्राम का स्नैच रिकॉर्ड और झिल्ली डालाबेहेरा का 164 किलोग्राम का कुल रिकॉर्ड तोड़ा। चंद्रिका तरफदार ने झिल्ली के 94 किलोग्राम के क्लीन एंड जर्क रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। पुरुष वर्ग में प्रशांत कोली ने मुकुंद अहेर के 114 किलोग्राम के स्नैच रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो



प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। आंध्र प्रदेश के एस गुरु नायडू ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की प्रीति ने कुल 174 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया, जबकि 45 किलोग्राम में पूर्व एशियाई चैंपियन झिल्ली दलबेहेरा ने 167 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। कैंपल मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम में हरियाणा ने नेटबॉल में दोनों स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरुषों ने कड़े मुकाबले में केरल को 45-42 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि महिलाओं ने कर्नाटक को 58-52 से हराकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों के कांस्य पदक मैच में, जम्मू और कश्मीर और दिल्ली ने 73-73 का रोमांचक मुकाबला खेला और उन्हें संयुक्त विजेता घोषित किया गया। महिलाओं के कांस्य पदक मैच में, मैच 64-64 की बराबरी पर समाप्त होने के बाद दिल्ली और तेलंगाना को भी संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

बम्बोलिम के एथलेटिक्स स्टेडियम में, महिला रग्बी 7 की शुरुआत हुई, जिसमें टॉप रैन्कड ओडिशा की महिलाओं ने पूल ए के पहले मैच में गोवा पर 52-0 से जीत दर्ज की। फोर्थ रैंकड केरल ने पूल ए में बिहार को 40-5 से हराया। पूल बी में सेकंड रैन्कड महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 48-0 से हराया जबकि पश्चिम बंगाल ने दिल्ली को 38-10 से हराया। पुरुषों के मैचों में, हरियाणा ने पूल ए में गोवा को 31-0 से हराया। ग्रुप के अन्य मैच में, ओडिशा ने केरल को 15-12 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की। पूल बी में पश्चिम बंगाल ने पंजाब को 19-7 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने बिहार को 19-12 से हराया।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप के लिए कुआलालंपुर रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 27 अक्टूबर से 04 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में होने वाले 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेने के लिए बुधवार तड़के बेंगलुरु से कुआलालंपुर के लिए रवाना हो गई है। भारत गत चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में उतरेगा। भारतीय टीम ने 2022 में पिछले संस्करण में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल हैं।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी, जिसके बाद 28 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ मुकाबला होगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 30 अक्टूबर को अपने अंतिम पूल मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।



भारतीय कप्तान उत्तम सिंह ने बेंगलुरु से टीम के रवाना होने से पहले कहा, हम 11वें सुल्तान जोहोर कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। खिलाड़ियों के इस प्रतिभाशाली समूह का नेतृत्व करना सौभाग्य की बात है। हमारा ध्यान अपने लिए निर्धारित उच्च मानकों को बनाए रखने और दुनिया को भारतीय हॉकी का कौशल दिखाने पर है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं, और हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - ट्रॉफी को घर वापस लाना। पाकिस्तान के साथ प्रतिद्वंद्विता हमारे अभियान में तीव्रता की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, और हम उसके खिलाफ एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं।उप-कप्तान राजिंदर सिंह ने टूर्नामेंट को लेकर कहा, उप-कप्तान के रूप में, मेरी भूमिका हर संभव तरीके से कप्तान उत्तम सिंह और टीम का समर्थन करना है। हमारे पास अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का एक बड़ा मिश्रण है, और हम इस चुनौती को लेने के लिए उत्साहित हैं। सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमारे लिए अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक मंच है, और हम दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ अपने खिताब की रक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी।

# भारत बनाम इंग्लैंड मैच के नकली टिकटों की बिक्री, लखनऊ पुलिस ने किए कई खुलासे

**लखनऊ।** लखनऊ के एकाना स्टेडियम में इंग्लैंड और भारत के बीच बहुप्रतीक्षित विश्व कप क्रिकेट मैच के लिए बढ़े हुए दामों पर नकली टिकट बेचने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। लॉ एनफोर्समेंट ने खुलासा किया है कि लगभग 100 अन्य वेबसाइटें अब जांच के दायरे में हैं, लखनऊ पुलिस का साइबर अपराध प्रभाग सक्रिय रूप से उनके संचालकों की पहचान करने के लिए सुराग जुटा रहा है।

लखनऊ पुलिस ने खुलासा किया है कि पिछले कुछ हफ्तों में वेबसाइट iccworldcuptickets.com के जरिए फर्जी टिकटों की बिक्री की गई थी। क्रिकेट प्रशंसकों को धोखा देने के उद्देश्य से बनाई गई इस भ्रामक वेबसाइट का लॉ एनफोर्समेंट द्वारा पर्दाफाश किया गया जिसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेन्द्र अग्रवाल के अनुसार रविवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच की प्रत्याशा में उप-निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अतिरिक्त जानकारी देते हुए सिंह ने बताया कि विश्व कप टिकट खरीदने के लिए आधिकारिक टिकट बुकिंग भागीदार, 'बुकमायशो' की तर्ज पर धोखाधड़ी वाली वेबसाइट को क्रिकेट प्रेमियों को लुभाने के लिए कुशलतापूर्वक डिजाइन किया गया था। इससे लोगों का जाल में फंसना आसान बन गया। सिंह के अनुसार भ्रामक वेबसाइटों ने छह अलग-अलग श्रेणियों में टिकट पेश करके लोगों को गुमराह किया जिनकी कीमत 2,811 रुपए से 50,000 रुपए के बीच थी।




## फास्ट न्यूज

### गिनी की खाड़ी में यूरोपीय संघ और भारत ने पहला संयुक्त नौसेना अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ के जहाजों ने नौसैनिक समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए गिनी की खाड़ी में संयुक्त गतिविधियां कीं। यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत ने गिनी की खाड़ी में अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ-भारत समुद्री सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक के बाद हुए इस नौसैनिक अभ्यास को काफी अहम माना जा रहा है। ब्रुसेल्स में 05 अक्टूबर को यूरोपीय संघ-भारत समुद्री सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक हुई थी। इसके बाद 24 अक्टूबर को गिनी की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए कई संयुक्त गतिविधियां की गईं। इस दौरान भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती जहाज आईएनएस सुमेधा यूरोपीय संघ के तीन सदस्य देशों के जहाजों के साथ शामिल हो गया। इसमें इतालवी नौसेना का जहाज आईटीएस फोस्करी, फ्रांसीसी नौसेना का जहाज एफएस वेंटोसे और स्पेनिश नौसेना का जहाज टॉरनेडो था। विंग कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि चार जहाजों ने घाना के तट से दूर अंतरराष्ट्रीय जल में सामरिक युद्धाभ्यास की एक श्रृंखला का अभ्यास किया, जिसमें बोर्डिंग अभ्यास, फ्रांसीसी जहाज वेंटोसे और भारतीय नौसेना जहाज सुमेधा पर लगे हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके उड़ान अभ्यास और जहाजों के बीच कर्मियों का स्थानांतरण शामिल था। इस अभ्यास के बाद अकरा, घाना में एक साझा सत्र आयोजित किया गया, जो परिचालन संबंधी जानकारी को बेहतर बनाने के लिए समुद्र में संयुक्त अनुभव पर आधारित था।

### मप्र विस चुनाव: उम्मीदवारों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी

**भोपाल।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में की जा रही तैयारियों एवं 25 अक्टूबर तक प्राप्त हुए नामांकन के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नामांकन जमा करने वाले उम्मीदवारों को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी अनिवार्य है। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, रुचिका चौहान, बसंत कुर्रे, आम आदमी पार्टी से सुमित सिंह चौहान, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) से पीव्ही रामचंद्रन उपस्थित थे।

# बागपत: सीएम योगी ने दी 351 करोड़ की सौगात

## यह पर्व और त्योहार भारत की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं: सीएम योगी आदित्यनाथ

**विकास कार्य**

8 मुख्यमंत्री ने श्री शिव गोरखनाथ आश्रम भगवानपुर नागल गांव में पहुंचकर मंदिर के सत्संग भवन का लोकार्पण किया



**टीम एक्शन इंडिया/बागपत**
**बागपत** पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 351 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। उन्होंने श्री शिव गोरक्षनाथ आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भी शुभारम्भ किया। मंदिर को 256 किलो का घंटा भेंट करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनपद बागपत के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्री शिव गोरखनाथ आश्रम भगवानपुर नागल गांव में पहुंचकर मंदिर के सत्संग भवन का लोकार्पण किया और उन्होंने श्री गुरु गोरक्षनाथ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के पर्व और त्योहार उत्साह और उमंग की परंपरा के वाहक हैं। यह पर्व और त्योहार भारत की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं। इससे पहले उन्होंने आश्रम में स्थित गुरु गोरखनाथ के मंदिर और नवदुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन किया। साथ ही परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत पुराण की कथा वाचिका व्यासपीठ पर विराजमान सुश्री नीरज शर्मा की प्रशंसा करते हुए वेदों का उदाहरण भी दिया, जिसकी तमाम ऋचाएं विदूषियों द्वारा रची गई हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति का वंदन अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत पहुंचे और जनसभा को संबांधित किया। 351 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, बागपत विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह के अलावा नाथ संप्रदाय के प्रमुख संतों में मुख्य रूप से महंत कृष्णनाथ जी मौजूद रहे।

### डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे प्रदेश के नागरिक

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी** सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'फैमिली आईडी: एक परिवार एक पहचान'को डिजिलॉकर पर लाइव कर दिया है। इसका मतलब ये कि अब प्रदेश के नागरिक डिजिलॉकर पर भी अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे।

प्रदेश में वो सभी लोग जिनका फैमिली आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वो डेस्कटॉप या मोबाइल फोन के जरिए डिजिलॉकर पर जाकर अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर पाएंगे। योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फर्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए योजनाओं में आवेदन का सरलीकरण करना है।

### उ. रेलवे के अपर महाप्रबंधक ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल ने औचक निरीक्षण कर त्योहार विशेष रेलगाड़ियों में यात्रियों की सुविधाओं और बढ़ती संख्या के लिए किये इंतजाम का जायजा लिया। इस अवसर पर स्टेशन डायरेक्टर नई दिल्ली, उत्तर रेलवे के अधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित रहे। अधिकारीगण ने अपर महाप्रबंधक महोदय को विस्तार से जानकारी दी तथा आगामी दिवाली और छठ पूजा पर किए जा रहे विशेष इंतजाम की जानकारी दी। अपर महाप्रबंधक ने अपने दौरे में आईआरसीटीसी के कार्यकारी लाउंज, बुकिंग कार्यालय, क्लॉक रूम, लॉकर रूम, फूड कोर्ट, बुक स्टॉल, केमिस्ट कॉर्नर, महिला प्रतीक्षालय, उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, रेस्तरां, दिव्यांगजनों के लिए सुविधा और रेलयात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अन्य सेवाओं का भी निरीक्षण किया।

### राज्य की लचर कानून व्यवस्था के कारण नहीं थम रही हवाला

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगडी ने कहा कि राज्य में आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर पिछले 16 दिनों में ही 244 करोड रुपये की ड्रग्स, शराब और नकदी की जप्ती राज्य सरकार की कानून व्यवस्था की की नाकामी साबित करने के लिए काफी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पांच साल के शासन में जमकर लूट खसोट और तस्करी के साथ हवाला का कारोबार हुआ है लेकिन राज्य सरकार की ओर से इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में इन तस्करों और हवाला कारोबारियों के हौंसले इतने बुलन्द है कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी इनका काम नहीं रुक रहा है। उन्होंने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद सतर्क हुई सुरक्षा एंजेसियों ने हाल ही में करोड़ों रुपए मूल्य की अवैध शराब, सोना, ड्रग्स और हवाला के रुपये जब्त किए हैं। इससे ये साबित हो गया कि प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के कारण अब तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### तुष्टिकर में अंधे हो गए कांग्रेसी: प्रह्लाद

**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेसी नेता तुष्टिकरण में अंधे हो गये हैं। इसलिए हमारी भारतीय परंपराओं और विरासत का उपहास उड़ा रहे हैं। कन्या पूजन को लेकर दिग्विजय सिंह ने जिस तरह के भाव व्यक्त किए हैं, वह निंदनीय हैं और कांग्रेस के पूरे चरित्र को उजागर करता है। केन्द्रीय मंत्री पटेल जबलपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ा दुर्भाग्य है कि नर्मदा परिक्रमा करने के बाद भी दिग्विजय सिंह का विवेक जागृत नहीं हुआ।

### पेपर लीक: राजनीतिक भ्रष्टाचार को रोकने की कोशिश है ईडी की कार्रवाई : शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/जयपुर**
राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव गहलोत पर ईडी की कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजनीतिक भेदभाव के चलते कार्रवाई करने के आरोप पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ईडी ने विगत 9 साल में जितनी कार्रवाई की, उसमें से मात्र तीन प्रतिशत राजनीतिक



लोगों पर कार्रवाई हुई है। इसलिए ईडी पर आरोप लगाना, उसकी साख को गिराने का षड्यंत्र है। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी की गुरुवार को की गई कार्रवाई पेपर लीक प्रकरण में राजनीतिक भ्रष्टाचार को रोकने के प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में शेखावत ने कहा कि राजस्थान में गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे पैमानों को तोड़ दिया है। पेपर लीक इसमें प्रमुख है। इसमें राजनीतिक भ्रष्टाचार हुआ है और ईडी ने इसे रोकने का कोशिश की है। उन्होंने कहा कि यदि ईडी ने केन्द्र सरकार के दबाव में गलत काम किया होता तो आरोपियों को अदालत ने राहत प्रदान कर दी गई होती, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा।

**विरोध** कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं में गुस्सा फूटने के साथ इसे राजनीति से प्रेरित बताया

## ईडी कार्रवाई को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**
**प्रवर्तन** निदेशालय की तरफ से प्रदेश की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटसरा और सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत पर कार्रवाई की गई। इस बात को लेकर प्रदेश भर के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं में गुस्सा फूटने के साथ इसे राजनीति से प्रेरित बताया। कुछेक स्थानों पर प्रधानमंत्री के नाम का पुतला भी फूंका गया। प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। ईडी की तरफ से सम्मन मिलने के बाद आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि मामला 12 साल पहले भी सामने आया था,



जब भी ईडी ने पूछताछ की थी, अब फिर से करेगी। इसके लिए वे फिर से कल जवाब देने जाएंगे। चुनाव आने पर ही सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग किया जाता है जोकि केंद्र की गलत सोच को दशार्ता है। शहर विधायक मनीषा पंवार ने ईडी की तरफ से की गई कार्रवाई को हथकंडा बताया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के खिलाफ जुबानी हमला भी बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को सम्मन दिए जाने एवं प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर की गई कार्रवाई को लेकर निंदा की।

वहीं कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष नरेश जोशी ने इस बारे में कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर से सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासर एवं वैभव गहलोत को समन दिया गया है जोकि उनकी ओछी मानसिकता का सूचक है। पूर्व में भी मुख्यमंत्री गहलोत के बड़े भाई अग्रसेन गहलोत पर ईडी द्वारा कार्रवाई करवाई गई मगर कुछ हाथ नहीं लगा। अब मुख्यमंत्री के बेटे वैभव को समन दिया गया है जोकि राजनीतिक हथकंडा है। ईडी की तरफ से राजस्थान में यह 34वीं बार कार्रवाई की गई है, मगर उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा है। इधर शहर में एनएसयूआई ने भी विरोध जताया।

